दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 151 जयपुर, शनिवार, 11 मई, 2024 | वैशाख, शुक्ल पक्ष- चतुर्थी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

@ जयपुर



# प्रदेश में आंधी और हल्की बारिश से मौसम बना खुशगवार

फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में भीषण गर्मी से झलसते लोगों को शुक्रवार शाम आई आंधी और कई स्थानों पर बरसे मेघों ने काफी राहत पहुंचाई। बारिश की बूंदें गिरते ही तपती धरती से निकली सौंधी महक ने खूब हर्षाया। सुबह से राजधानी सहित प्रदेश भर में भीषण गर्मी का साम्राज्य था, जिसने जनजीवन को खासा प्रभावित कर रखा था। शाम ढलने से पहले अचानक आंधी चली, कई जगह उसके साथ आए बादल छाए और कई जगह बादलों ने राहत की बूंदें भी बरसाईं।

राजधानी जयपुर में सुबह से तेज गर्मी का आलम यह था कि सवेरे 8 बजे बाद से पंखे, कूलर की हवा भी गर्म लगने लगी। यहां तक कि एसी भी आमदिनों की मानिंद ठंडक नहीं दे पा रहे थे। जरूरी काम नहीं हो तो, लोगों ने घरों में दुबके रहना ही मुनासिब समझा। दोपहर होते-होते जहां सूर्यदेव की प्रंचडता बढ़ती गई, वहीं हवाएं चली तो उनमें भी गरमाहट ने लोगों को झकझोर दिया। एक मिनट के लिए धूप में चलना ऐसा लग रहा था, मानो कई भट्टियों के बीच से गुजर रहे हों। एक पल में लोग पसीना ही पसीना होने लगे। ऊपर से लू का सितम यह था कि मुंह पर स्कार्फ के बिना पैदल चलना मुश्किल था, वहीं बाइक पर कभी हेलमेट नहीं पहनने वाले युवक भी उसे पहनने को विवश हो गए। जहां तक प्रदेश का सवाल है, तमाम स्थानों से मौसम के इसी तरह पलटी खाने के समाचार हैं।

### सीकर: मौसम ने ली करवट... शाम को आंधी-बारिश

संवाददाता के अनुसार यहां मौसम ने करवट ली और शाम को आंधी-बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई। सीकर, फतेहपुर, खाटूश्याम जी सहित कई इलाकों में चली धूलभरी आंधी और उसके बाद हुई हल्की बारिश से तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट दर्ज हुई। कई इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली, जिसने तापमान को काफी नियंत्रित किया।

### मेहंदीपुरबालाजी: अंधड़ के साथ आई बारिश

संवाददाता के अनुसार क्षेत्र में अचानक बदला मौसम का मिजाज, अंधड़ के साथ आई बारिश, अपराह्न करीब चार बजे के बाद धूल भरी आंधी के गुब्बार के साथ घने बादल छाए, तेज अंधड़ के चलने से टिन- टप्पर उड़े, करीब 15 मिनट हुई बारिश से, तापमान में आई गिरावट, भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत।

### श्रीगंगानगर: बारिश के बाद तापमान में गिरावट

श्रीगंगानगर संवाददाता के अनुसार प्रदेश के सरहदी जिले श्रीगंगानगर में शुक्रवार को पिछले कई दिनों से गर्मी की मार झेल रहे लोगों को बारिश से राहत महसूस हुई। यहां दोपहर बाद हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे जनजीवन पटरी पर लौटता दिखा।

### उदयपुर: तेज हवा के साथ बारिश का दौर शुरू

उदयपुर संवाददाता के मुताबिक यहां 2 दिन की भीषण गर्मी के बाद मौसम ने करवट ली। शुक्रवार को तेज हवा के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ। बारिश के होने से मौसम सुहाना हुआ और गर्मी से राहत मिली।

### भरतपुर: तेज आंधी से क्षेत्र में पसरा अंधेरा

संवाददाता के अनुसार मौसम ने बदली करवट तेज आंधी और तूफान के कारण क्षेत्र में अंधेरा पसर गया। इस दौरान हल्की बूंदा-बांदी भी हुई। इससे लोगों को गर्मी से निजात नहीं तो कुछ राहत जरूरी मिली।

### दौसा: शाम को छाया रहा धूल का गुबार

दौसा संवाददात के अनुसार जिले में मौसम अचानक पलटा। वैसे, इसके मुत्तालिक मौसम विभाग ने पहले ही अलर्ट कर रखा था। यहां तेज गति से हवा चली। तेज हवा करीब 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। हालांकि, तापमान में कोई खास बदलाव तो देखने को नहीं मिला, लेकिन गरमाहट में कमी आई और कुछ राहत जरूर मिली। शुक्रवार शाम को यहां आसमान में धूल का गुबार छाया रहा।

### मौसम विभाग ने की बारिश और तूफान की भविष्यवाणी

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में राज्य में बारिश और तूफान की भविष्यवाणी की है। इसके बीच प्रदेश के कई जिलों से बारिश की खबरें सामने आने लगी हैं। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक आरएस शर्मा ने बताया, "पश्चिमी राजस्थान पर एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। जिसके कारण जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर डिवीजन के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश, 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।"

### इन स्थानों पर हो सकती है बरसात

उन्होंने बताया कि शनिवार को भी बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, जयपुर और भरतपुर डिवीजन के कुछ हिस्सों में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और बारिश की ज्यादा संभावना है. शर्मा ने कहा, "12-13 मई को अलग-अलग जगहों पर तूफान की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है।"

### लू के थपेड़ों ने झकझोरा

प्रदेश के कई हिस्सों में लू इतनी तेज चली कि लोग परेशान हो गए। दोपहर में व्यापारी भी दुकानें बंद कर घर पहुंच गए। उन्होंने शाम 5 बजे बाद लौट कर दुकानें खोली। शुक्रवार को कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। पश्चिम राजस्थान में लू का प्रभाव ज्यादा देखा गया। वैसे, लगभग सभी जिलों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया।

### तापमान में दर्ज की गई गिरावट

प्रदेश के कई इलाकों में तेज धूल भरी आंधी आने के बाद हुई बारिश से जहां आमजन ने राहत महसूस की, वहीं पशु पक्षियों को भी काफी राहत मिली है। तेज गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों के समय में कटौती की थी, वहीं चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी गर्मी को लेकर एडवाइजरी जारी की गई थी। बारिश के बाद शुक्रवार को तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई है।

## जरूरी खबर

### गुजरात ने चेन्नई सुपरकिंग्स को 35 रनों से हराया



**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस ने एक अहम मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत हासिल की। इस हार के साथ ही चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए आगे की राह मुश्किल हो गई है। 232 रनों का पीछा करते हुए चेन्नई 8 विकेट खोकर 196 रन ही बना सकी। गुजरात ने इस मुकाबले को 35 रनों से अपने नाम किया। दूसरी तरफ इस जीत ने गुजरात के प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा है। 232 रनों का पीछा करने उतरी चेन्नई की शुरुआत खराब रही और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गए।

### मालदीव से लौटे सभी भारतीय सैनिक

**नई दिल्ली।** मालदीव से भारत के सभी सैनिकों देश में लौट चुके हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "मालदीव से हमारे सभी सैनिक देश वापस आ गए हैं। हम इस मुद्दे पर काफी समय से मालदीव से बात कर रहे थे।" ये घोषणा उस वक्त हुई जब मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर एक दिन के भारत दौरे पर थे। उन्होंने भारतीय सैनिकों को निकाले जाने पर कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग सिर्फ सैनिकों की मौजूदगी पर नहीं टिका है।

तीन शावक और आने से अब बाघों की संख्या 4 से बढ़कर हुई 7

## नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में गूंजी 'किलकारी', 'रानी' बनी मां

**बेधड़क | जयपुर**

नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में शुक्रवार सुबह बाघिन 'रानी' ने तीन शावकों को जन्म दिया। इनमें एक सफेद है और दो गोल्डन कलर के। गर्मी को देखते हुए बाघिन और शावकों के पिंजरे में कूलर लगाया गया है। बाघिन की मॉनिटरिंग कर रहे डीसीएफ जगदीश गुप्ता ने बताया- शुक्रवार सुबह बाघिन रानी के तीन शावकों को जन्म दिया है। बाघिन के शावकों को जन्म देने की खुशखबरी मिलने का पता चलने पर तुरंत नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क पहुंच कर जायजा लिया गया। स्टाफ की ओर से बाघिन रानी और उसके तीनों शावकों पर सीसीटीवी की मदद से पूरी निगरानी रखी जा रही है।



### उड़ीसा से रानी और ग्वालियर से लाए थे शिवाजी

गौरतलब है कि साल-2021 में उड़ीसा के नंदनकानन से बाघिन रानी को जयपुर लाया गया था। वहीं, ग्वालियर के गांधी जूलॉजिकल पार्क से बाघ शिवाजी को जुलाई 2022 में जयपुर लाया गया था। नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में दोनों का जोड़ा बनाया गया था। दरअसल, वन्यजीव एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत शिवाजी को बाघों का कुनबा बढ़ाने के लिए राजस्थान लाया गया था। शिवाजी को जयपुर लाने के बाद से टाइग्रेस रानी के साथ रखा गया था। शिवाजी के बदल जयपुर से एक लेपर्ड, भेड़िए का जोड़ा और एक इंडियन फॉक्स के जोड़े को ग्वालियर के गांधी जूलॉजिकल पार्क को दिया गया था।

### बाघों के कुनबे में इजाफा

पिछले काफी समय से पार्क में 4 ही बाघ-बाघिन थे। बाघिन रानी ने शुक्रवार सुबह 3 शावकों को जन्म दिया। नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में बाघ-बाघिन के कुनबे में इजाफा होकर संख्या 7 हो गई है। जन्मे तीनों शावकों में बाघ-बाघिन के बारे में भी पता नहीं है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 51 दिन बाद राहत...

## SC से मिली 1 जून तक अंतरिम बेल

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग में शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। पीठ ने कहा कि चुनावों से 48 घंटे पहले हम केजरीवाल को पर्याप्त समय दे रहे हैं। केजरीवाल के चुनाव प्रचार पर कोई पाबंदी नहीं है, लेकिन उन्हें दो जून को सरेंडर करना होगा। इससे पहले सूत्रों के हवाले से खबर आई थी कि ईडी दिल्ली के शराब घोटाले में शुक्रवार को ट्रायल कोर्ट में आबकारी नीति मामले में अपनी चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है। सूत्रों का कहना था कि इस चार्जशीट में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को मुख्य साजिशकर्ता बताया गया है। इसके साथ ही AAP को भी आरोपी बनाया गया है। बता दें कि केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद वह 10 दिन तक ईडी की हिरासत में रहे थे।



## शिष्टाचार मुलाकात



*जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र के साथ सच बेधड़क मीडिया समूह के फाउंडर एंड चेयरमैन विनायक शर्मा ने शुक्रवार को राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल और शर्मा के बीच सच बेधड़क टीवी न्यूज चैनल और दैनिक हिंदी अखबार को लेकर बात हुई। वहीं आध्यात्मिक चर्चा के साथ-साथ देश-प्रदेश में चल रहे लोकसभा चुनाव को लेकर भी राजनैतिक चर्चा भी हुई।*


हज यात्रा के बदले रूल्स

## भारतीय रहें सतर्क, नियम तोड़े तो लगेगा जुर्माना

**एजेंसी | रियाद**

इस साल के हज के लिए कई देशों से तीर्थयात्रियों सऊदी पहुंचने लगे हैं। हाजियों का पहला ग्रुप गुरुवार को सऊदी अरब पहुंचा। इस पहले जत्थे में भारत के भी 283 लोग शामिल हैं। पहले जत्थे का मदीना में प्रिंस मोहम्मद बिन अब्दुल अजीज एयरपोर्ट पर सऊदी सरकार में मंत्री सालेह बिन नासिर अल जस्सर और अब्देल फत्ताह ने स्वागत किया। सऊदी में भारत के राजदूत सुहेल अजाज खान भी भारतीय हाजियों के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पहुंचे। सऊदी अरब में भारतीय मिशन ने भारतीय तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से तैयार होने की बात कही है। इस साल सऊदी सरकार ने कई नियम बदले हैं, जिससे एक तरफ हाजियों को सुविधा तो होगी तो चूक होने पर जुर्माना भी लग सकता है।

### सऊदी सरकार ने सख्त किए हैं नियम



#### बिना परमिट वाले पर 11 लाख जुर्माना

सऊदी अरब ने बिना परमिट के बिना हज करने की कोशिश करने वालों के लिए सख्ती करते हुए घोषणा की है कि बिना परमिट के लोगों को हज करने वाले व्यक्ति पर 50 हजार रियाल (करीब 11 लाख भारतीय रुपए) का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर छह महीने की जेल भी हो सकती है। अधिकारियों ने कहा है कि जुर्माना निवासियों और आगंतुकों दोनों पर लागू होगा। सजा पूरी होने के बाद ऐसा करने वालों को 10 साल के लिए देश से निष्कासित भी किया जाएगा। ऐसे लोगों के 10 साल तक देश में दोबारा प्रवेश करने पर प्रतिबंध रहेगा।

#### नुसुक कार्ड किया लॉन्च

इसके साथ ही सऊदी अरब सऊदी हज मंत्रालय ने हज के सीजन के दौरान पवित्र स्थलों में एंट्री देने के लिए तीर्थयात्रियों के लिए आधिकारिक तौर पर नुसुक कार्ड लॉन्च किया है। नुसुक कार्ड में सभी हाजियों को दिया जाएगा ताकि फर्जी तरीके से किसी को पवित्र स्थलों में एट्री से रोका जाएगा। इतना ही नहीं, मक्का में एंट्री के लिए भी परमिट की जरूरत होगी, बिना परमिट मक्का में एंट्री नहीं मिल पाएगी।

शराब की दुकानें जबरन संचालन का आदेश रद्द, कोर्ट ने कहा...

## गारंटी सहित अन्य जमा राशि चार सप्ताह में लौटाएं

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के 13 मार्च 2024 के उस आदेश को मनमाना व अवैधानिक मानते हुए रद्द कर दिया है, जिसमें मौजूदा लाइसेंसधारकों से 30 जून 2024 तक शराब की दुकानें संचालन करने के लिए कहा था। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह याचिकाकर्ताओं का गारंटी सहित अन्य मद में जो भी पैसा जमा है, वह भी चार सप्ताह में उन्हें लौटाए। ऐसा नहीं करने पर अदालत ने इस राशि पर ब्याज भुगतान करने को कहा है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश कृष्णा शर्मा व 275 अन्य की याचिकाओं को मंजूर करते हुए दिए।

मामले से जुडे वरिष्ठ अधिवक्ता आरबी माथुर ने बताया कि राज्य सरकार की नई आबकारी नीति 2024-25 के तहत जब शराब की दुकानें नहीं उठी तो राज्य सरकार ने मौजूदा लाइसेंसधारकों को ही जबरन 30 जून की अवधि तक शराब की दुकानें संचालित करने का आदेश दिया। इसे चुनौती देते हुए कहा कि उनका राज्य सरकार से 31 मार्च तक का ही अनुबंध है और उनके चाहने पर ही लाइसेंस का नवीनीकरण आगे की अवधि के लिए बढाया जा सकता है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने गहलोत और कांग्रेस पर साधा निशाना

# कांग्रेस देश को जाति-धर्म के नाम पर बांट कर सत्ता में आना चाहती

## 4 जून के बाद गहलोत घर से बाहर निकलने में शर्म महसूस करेंगे

बेधड़क | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिए गए बयान को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि 4 जून तक पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ऐसे बयान देकर अपना दिल बहला सकते हैं और खुश हो सकते हैं। उनको इसकी पूरी छूट है, किन्तु चुनाव परिणाम के बाद गहलोत अपने घर से बाहर निकलने में एवं प्रदेश की जनता को अपना मुंह दिखा पाने में शर्म महसूस करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश की जनता 5 महीने पहले ही कांग्रेस को आईना दिखा चुकी है। जिसके नेतृत्व को प्रदेश की जनता ने नकारा है, वे अनर्गल बयान बाजी कर कर जनता को भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा जहां इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और कल्याणकारी योजना को लेकर जनता के बीच वोट मांग रही हैं, वहीं कांग्रेस जाति, धर्म के नाम पर भड़काकर सत्ता में आना चाहती है। जनता इनकी कुत्सित रणनीतियों को पहचान चुकी है। 4 जून को लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद ये अपने घर से नहीं निकल पाएंगे।





### कांग्रेस सत्ता में आने का हक खो चुकी

जोशी ने कहा कि कांग्रेस की साम्प्रदायिक और जातिवादी सोच के कारण देश पहले ही भारी नुकसान सह चुका है। कांग्रेस देश की आस्था और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाली पार्टी है। कहा जाता था कि राम कभी पैदा ही नहीं हुए वहीं आंतकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। जोशी ने कहा कि जो राष्ट्र की सुरक्षा को सुदृढ नहीं कर सकते, हमारी आस्था का सम्मान नहीं कर सकते, हमारी विरासत और विकास की यात्रा में साथ नहीं चल सकते, उन्हें सत्ता में आने का कोई हक नहीं है, कांग्रेस यह अधिकार खो चुकी है।

### गहलोत पहले ही हार मान चुके हैं: घनश्याम तिवाड़ी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अशोक गहलोत भ्रामक एवं हताशा से भरे बयान दे रहे हैं। तिवाड़ी ने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार लगातार बनने जा रही सरकार को BJP के कार्यकर्ता की गारंटी है। गहलोत का वक्तव्य यथार्थ से परे हैं एवं वास्तविकता यह है कि गहलोत पहले ही हार मान चुके हैं, क्योंकि कांग्रेस का कार्यकर्ता बूथ तक भी नहीं पहुँचा और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ने बूथ स्तर पर बूथ सम्मेलन कर घर घर संपर्क कर मतदाताओं को मतदान कराया है। हार की ख़ींझ को उतारने के लिए उन्होंने RSS के स्वयंसेवकों के लिए कहा कि उन्होंने काम नहीं किया जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने भी लोकमत परिष्कार का काम किया है। गहलोत इस प्रकार से भ्रामक झूठा और वक़्तव्य देकर हार स्वीकार कर रहे हैं।

### कांग्रेस को विपक्ष के लायक भी सीट नहीं आएंगी

तिवाड़ी ने कहा कि तुष्टिकरण के कारण ही अशोक गहलोत को अपने वोट बैंक के लिए उलजूलूल बयान देने की आदत है। जबकि एजेंसियों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आस पास के देशों में भारत ही एक ऐसा देश है जहाँ पर बहुसंख्यक समुदाय की संख्या कम हुई है और अल्पसंख्यक 43.5% बढ़ी है। इसको छिपाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत झूठे बयान दे रहे हैं।

---

**जरूरी खबर**

### अक्षय तृतीया पर भजनों से ठाकुर श्री को रिझाया



**जयपुर।** आमेर रोड स्थित प्राचीन मंदिर आदि बद्री नारायण मंदिर में विराजमान ठाकुर श्री बद्री नारायण जी के अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर कई कार्यक्रम हुए। इस दौरान ठाकुर श्री की मंगला आरती के साथ-साथ श्री बद्री नारायण का गंगा तीर्थ स्नान, औषधि, केसर, चंदन, नानासुगंधित पुष्प से पंचामृत अभिषेक व फूल बंगला श्रृंगार से महाआरती व प्रसादी का आयोजन किया गया। महंत आचार्य लाला राम शर्मा ने बताया कि इस मौके पर हवा महल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने भी ठाकुर जी के दर्शन किए। कार्यक्रम में मंदिर का पता उत्सव भी मनाया गया। इसमें भक्तों ने भजन कीर्तन के साथ ठाकुर जी को रिझाया।

### 10-12वीं के ई-व्यक्तिगत सम्पर्क 13 से 27 मई तक

**जयपुर।** राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के सचिव सतीश कुमार लवानिया ने बताया कि राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सत्र 2023-24 में स्ट्रीम 1 के पंजीकृत शिक्षार्थियों के लिए 15 दिवसीय ई-व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम (E-P.CP.) 13 मई से 27 मई, तक सैद्धान्तिक तथा प्रायोगिक विषयों के लिए विद्यार्थी स्तर पर "Rajasthan State Open School" मोबाईल एप के माध्यम से किया जाना है। सभी शिक्षार्थियों को ई-पी.सी.पी. के लिए गूगल प्लेस्टोर से "RAJASTHAN STATE OPEN SCHOOL" डाउनलोड कर अपनी एस.एस.ओ.आई.डी. से लॉगिन कर दी गई अवधि में ई-पीसीपी कार्य पूर्ण करना है। अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीक के सन्दर्भ केन्द्र एवं कार्यालय के दूरभाष नम्बर ले सकेंगे।

---

पूणे में राजस्थानियों का संवाद कार्यक्रम

# मारवाड़ियों की जायदाद की सुरक्षा मेरे जिम्मे: CM



बेधड़क | पूणे/जयपुर

प्रदेश के सीएम भजनलाल शर्मा ने इन दिनों भाजपा को मजबूत करने के लिए अलग-अलग राज्यों में घूमकर राजस्थानियों को पार्टी से जोड़ रहे हैं। बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने सीएम भजन लाल शर्मा को यह जिम्मेदारी दी है।

दरअसल सीएम भजनलाल शर्मा तीन दिवसीय महाराष्ट्र दौरे पर है। पहले दिन उन्होंने पुणे में बीजेपी प्रत्याशी मुरलीधर किशन मोहोल के समर्थन में सभा को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने सम्मेलन में मौजूद राजस्थानियों से कहा कि राजस्थान में आपकी हवेली, जमीन, मकान और जायदाद की सुरक्षा का जिम्मा राज्य सरकार का है।

उन्होंने कहा कि आप मारवाड़ी दो से चार, चार से छह और छह से आठ करना जानते हैं। कोई काम ऐसा नहीं है, जो आपके बस में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। आप उन लोगों को भी जगाइए, जो गलत दिशा में जा रहे हैं। ऐसे लोगों को समझाइए कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। साल 2014 में हमारी अर्थव्यवस्था 11वें पायदान पर थी। आज वो 5वें पायदान पर है। दो साल में तीसरे पायदान पर होगी। फिर हम विश्व में अर्थव्यवस्था के सिरमौर होंगे।

### आज भी करेंगे राजस्थानी सम्मेलन को संबोधित

सीएम भजनलाल शर्मा पुणे के बाद औरंगाबाद लोकसभा प्रत्याशी रावसाहेब दादाराव पाटिल दानवे के समर्थन में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वहीं शनिवार को संभाजी नगर लोकसभा प्रत्याशी संदीपन भुमरे और दक्षिण मुंबई की लोकसभा प्रत्याशी यामिनी जाधव के समर्थन में राजस्थानी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। रविवार को सीएम भजनलाल शर्मा ठाणे लोकसभा प्रत्याशी नरेश म्हस्के और मुंबई उत्तर से लोकसभा प्रत्याशी पीयूष गोयल के समर्थन में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। महाराष्ट्र से पहले सीएम भजनलाल शर्मा ने पश्चिम बंगाल, झारखंड, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में प्रवासी राजस्थानियों को साधने का काम किया था।

### पीएम 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाए

सीएम भजनलाल शर्मा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा गरीबी हटाओं का नारा देकर वोट मांगे है। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी फिर मनमोहन सिंह ने गरीबी हटाओ के नाम पर वोट मांगे। उसके बाद सोनिया गांधी और अब राहुल गांधी गरीबी हटाने के नाम पर वोट मांग रहे हैं, लेकिन पहले यह बताए कि इन्होंने गरीबी हटाने के लिए अब तक क्या काम किया। सीएम भजनलाल ने कहा कि गरीबी हटाने का काम केवल पीएम मोदी ने किया है। पिछले 10 सालों में बीजेपी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी गरीब की परिभाषा नहीं जान सकती है। जो गरीब कभी बैंक की चौखट तक नहीं जा सकता था। उसका बैंक में खाता तक पीएम मोदी ने खुलावाया है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस तो हमेशा भ्रष्टाचार की जननी रही है।

मणिशंकर अय्यर के बयान पर दी प्रतिक्रिया

## कांग्रेस का दिख रहा मानसिक दिवालियापन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मणिशंकर अय्यर के बयान पर कहा कि कांग्रसियों के दिमाग का मानसिक दिवालियापन दिख रहा है, इसलिए वह चुनाव में कुछ भी बोल रहे हैं। कांग्रेस को देश की चिंता नहीं है, वह सिर्फ परिवार की चिंता करती है, इस कारण कांग्रेस पार्टी किसी से भी समझौता कर सकती है। कांग्रेस के लोग हमेशा देश एवं समाज को तोड़ने की बात करते हैं। कांग्रेस पार्टी ने भ्रष्टाचार की नई-नई इबारतें लिखी हैं। उन्होंने कहा कि कई विपक्षी दल भ्रष्टाचार पर बात करते हैं, लेकिन अन्ना हजारे के साथ आंदोलन कर भ्रष्टाचार मिटाने की बात करने वाले अरविंद केजरीवाल स्वयं भ्रष्टाचार के दल-दल में डूब गए।

### 4 जून को 400 पार का सपना पूरा होगा

कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश की जनता विश्वास कर रही है। उन्होंने 10 वर्ष के कार्यकाल में देश का विकास, गरीब कल्याण, सीमाओं की सुरक्षा, दुनिया में देश का गौरव बढ़ाने जैसे अच्छे काम किये है। इसी का नतीजा है कि पश्चिम बंगाल, झारखंड, तेलंगाना में हमारी सीटें बढ़ रही हैं। आंध्रप्रदेश में गठबंधन के तहत हम बड़ी संख्या में सीटें जीतेंगे। उन्होंने कहा कि 4 जून को 400 पार का सपना पूरा होगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने जनता के साथ अब तक सिर्फ धोखा किया है। कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार हुआ और जनता ने आतंकवाद एवं नक्सलवाद को देखा। कांग्रेस का संबंध टुकड़े-टुकड़े गैंग से है।

---

भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज की सभा में राठौड़ बोले

# नारी सशक्तीकरण मोदी सरकार की प्राथमिकता में

बेधड़क | जयपुर



कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने शुक्रवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान किदवई नगर मार्केट, सेंट्रल पार्क, नई दिल्ली में आयोजित महिला मोर्चा सम्मेलन में शिरकत की। कर्नल राज्यवर्धन ने नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित नारी शक्तियां एक बार फिर से कमल खिलाने और भाजपा को विजयी बनाने के लिए संकल्पित हैं। नारी सशक्तीकरण मोदी सरकार की प्राथमिकता है। मोदी सरकार की नीतियों से हमारी मातृशक्ति को आगे बढ़ने के अभूतपूर्व अवसर मिल रहे हैं। नारी सशक्तिकरण के संकल्प को लेकर मोदी सरकार लगातार देश की महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त करने का निरंतर प्रयास कर रही है। नारी शक्ति का सम्मान और उत्थान है मोदी सरकार की खास पहचान।

### चित्रकला प्रदर्शनी का हुआ उद्‌घाटन

**जयपुर।** पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि पूर्व आईएएस शुचि शर्मा द्वारा आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी "बोलते रंग" में प्रदर्शित चित्रों में जिस प्रकार मानवीय भावनाओं को रंगों के माध्यम से दर्शाया गया है वह सच में अभिभूत करने जैसा है। प्रमुख शासन सचिव शुक्रवार को यहाँ जवाहर कला केंद्र में पूर्व आईएएस शुचि शर्मा द्वारा आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन कर रही थी। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत "बोलते रंग" प्रदर्शनी का उद्घाटन किया एवं वहां प्रदर्शित 102 चित्रों का गहनता से अवलोकन कर शुचि शर्मा से चित्रों एवं चित्रकला की बारीकियों पर भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रतिभा को दर्शाने की कोई उम्र नहीं होती और उसे किसी भी वक़्त पर दर्शाया जा सकता है।

स्पीकर वासुदेव देवनानी दिल्ली दौरे पर

# सिंधी का सिलेबस नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप हो



बेधड़क | जयपुर

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद की कार्यकारिणी की बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान देवनानी ने कहा कि बच्चों को पढ़ाए जाने वाली सिंधी भाषा के सिलेबस को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है जो एक महीने में इस काम को पूर्ण करके रिपोर्ट राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद को सौंप देगी। देवनानी ने बताया कि आज कार्यकारिणी की बैठक में परिषद द्वारा संचालित 'सिंधी लैंग्वेज लर्निंग कोर्स स्कीम' सिंधी भाषा के उत्थान के लिए चलाई जा रही 'वॉलंटरी ऑर्गेनाइजेशन स्कीम्स' के साथ-साथ सिंधी भाषा से संबंधित पब्लिकेशन स्कीम की समीक्षा की गई।

---

तीन नये कानूनों पर कार्यशाला आयोजित

# नए कानून भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत

बेधड़क | जयपुर

भारतीयता को ध्यान में रखते हुए नए आपराधिक कानून पीड़ित-केंद्रित बनने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव के साथ लाए गए हैं। यह विचार गृह मंत्रालय एवं पत्र सूचना कार्यालय, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में पत्रकारों के लिए तीन नए आपराधिक कानूनों पर जयपुर में आयोजित कार्यशाला 'वार्तालाप' में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (पुलिस ट्रेनिंग) डॉ. मालिनी अग्रवाल ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई, 2024 से तीन नए आपराधिक कानून देशभर में लागू हो जाएंगे। डॉ. मालिनी अग्रवाल ने कहा कि आज साइबर अपराधों कि संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि नए आपराधिक कानून - भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, के 25 दिसंबर 2023 को कानून बनने के साथ ही भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत हुई है।

तीन नए प्रमुख कानूनों का मकसद सजा देने की बजाय न्याय देना है। भारतीय आत्मा वाले इन तीन कानूनों से पहली बार हमारी आपराधिक न्यायिक प्रणाली भारत द्वारा, भारत के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानूनों से चलेगी। इन नए कानूनों में सूचना प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के साथ आने वाले समय में फॉरेंसिक लैब की सुविधा को जिला स्तर पर भी स्थापित किया जाएगा।




### मीडिया पहुंचाएगा सही जानकारी

पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने कहा कि इस वार्तालाप का उद्देश्य नए कानूनों की जानकारी मीडिया के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाना है, ताकि वे इन कानूनों के प्रति जागरूक हो सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए कानून त्वरित न्याय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### तीन वर्षों में मिल जाएगा न्याय

गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के सीडीटीआई से जुड़े समन्वयक सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगमोहन शर्मा ने बताया कि नए आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से प्रभावी होंगे। इन कानूनों के लागू होने के बाद FIR से लेकर अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी और भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जाएगा। यह कानून 'तारीख-पे- तारीख' के चलन की समाप्ति सुनिश्चित करेंगे और देश में एक ऐसी न्यायिक प्रणाली स्थापित होगी जिसके जरिए तीन वर्षों के भीतर न्याय मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि 35 धाराओं में समयसीमा निर्धारित की गई है। इलेक्ट्रॉनिक तरीके से शिकायत दायर करने के तीन दिन के भीतर FIR दर्ज करने का प्रावधान है, साथ ही यौन उत्पीड़न के मामलों में सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट देनी होगी। पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय करने का प्रावधान किया गया है। भगोड़े अपराधियों की के मामलों में 90 दिनों के भीतर केस दायर होगा।

### 7 साल सजा पर फॉरेंसिक जरूरी

गृह मंत्रालय द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन एडवोकेट निशीथ दीक्षित ने कहा कि पुलिस की जांच से लेकर अदालत की कार्यवाहियों को डिजिटल किया जाएगा। पीड़ित को 90 दिनों के भीतर सूचना प्रदान की जाएगी और 7 साल या उससे अधिक की सजा के प्रावधान वाले मामलों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य होगी। उन्होंने बताया कि राजद्रोह को निरस्त कर एवं देशद्रोह को परिभाषित किया गया है। इसमें भारत की संप्रभुता मजबूत होगी।

## जरूरी खबर

### हेरिटेज निगम ने हटाए अस्थाई अतिक्रमण



**जयपुर।** हेरिटेज निगम की सतर्कता शाखा ने शुक्रवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में अतिक्रमण दस्ते ने यातायात पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाते हुए घाटगेट, ट्रांसपोर्ट नगर, दिल्ली बाईपास रोड, ईदगाह इलाके में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान दस्ते ने तीन कैंटर एक डंपर और एक ट्रेक्टर सामान जब्त कर हेरिटेज निगम के माल गोदाम में जमा कराया, साथ ही 17 हजार रुपए का केरिंग चार्ज भी वसूल किया।

### किडनैप कर लूटी कार, जंगल में पटक कर भागे

**जयपुर।** जयपुर में एक ड्राइवर का किडनैप कर कार लूट का मामला सामने आया है। चाकू की नोक पर बदमाशों ने उसे बंधक बनाया और जेब में रखा कैश छीन लिया। इसके बाद उसे जंगल में फेंक कर भाग निकले। प्रताप नगर थाना पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है। एसआई देवेंद्र सिंह ने बताया- लूट की वारदात पालड़ी विराटनगर निवासी भिवाराम गुर्जर (26) के साथ हुई। उसने बताया- वह उबर कंपनी में टैक्सी कार चलाता है। बुधवार को वह विराट नगर अपने घर से राइड के लिए निकला था। रात करीब 1:15 बजे राइड की लोकेशन महल योजना प्रताप नगर पहुंचा। राइड बुक करने वाले युवकों को बैठाने के लिए कार का गेट खोला। इतनी ही देर में बदमाशों ने उसकी गर्दन पर चाकू रख दिया। चाकू की नोक पर बंधक बनाकर उसकी कार में ही उसका किडनैप कर लिया। करीब आधे घंटे बाद अंधेरी सुनसान जगह पर ले जाकर जेब में रखे करीब 13 हजार रुपए छीन लिए और फिर वहीं पर छोड़ दिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## अक्षय तृतीया पर गोविंददेवजी मंदिर में किया कलंगी श्रृंगार

# ठाकुरजी के लगाया चंदन का लेप, फव्वारे की सेवा शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

छोटी काशी के विष्णु मंदिरों में अक्षय तृतीया भक्ति भाव से मनाई जा रही है। मंदिरों में सुबह से विशेष पूजा अर्चना और झांकियों का दौर शुरू हुआ। वहीं, शहर के आराध्य गोविंद देवजी में ठाकुरजी को गर्मी से बचाने के लिए चंदन का लेप लगाया गया। श्रीजी को शीतलता प्रदान करने के लिए उनके समक्ष फव्वारे की सेवा भी शुरू की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त भगवान के दर्शन करने पहुंचे और उन्हें बिजना (लकड़ी का बुना हाथ का पंखा) और ऋतु फल अर्पित किए।

यहां मंदिर परिसर में मौजूद कथावाचक पंडित यज्ञेश मिश्रा ने बताया कि अक्षय का मतलब होता है। किसी भी तरह का क्षय न होना। इसे समृद्धि, आशा और सफलता के रूप में देखा जाता है। सनातन धर्म की मान्यता के अनुसार भगवान के 24 अवतारों में से एक भगवान परशुराम का भूमंडल पर अवतरण दिवस भी अक्षय तृतीया पर ही हुआ था। वहीं, धर्म शास्त्रों के अनुसार आज गंगा का अवतरण दिवस भी माना जाता है। नर और नारायण का अवतार भी मान्यता के अनुसार आखातीज पर ही है।



### बद्रीनाथ के खुले कपाट

पंडित यज्ञेश मिश्रा ने बताया कि आज तीर्थ गुरु शंकराचार्य ने उत्तराखंड में बद्रीनाथ की स्थापना की थी। आज ही के दिन वहां कपाट भी खुलते हैं। इसी दिन वृंदावन धाम में बांके बिहारी जी में श्री हरिदास जी ने भगवान के चरण दर्शन किए थे। तब से ये परंपरा बनी हुई है कि साल में एक बार बिहारी जी के चरणों के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होता है।

### जलदान का बड़ा महत्व

पंडित मिश्रा ने बताया कि अक्षय तृतीया पर जलदान का बड़ा महत्व होता है। शीतल पेय पदार्थ लोग दान कर सकते हैं। चूंकि वैशाख के महीने को पवित्र महीना है। इस दौरान गर्मी भी तेज रहती है। ऐसे में जलदान का महत्व और बढ़ जाता है। गरुड़ पुराण के अनुसार इस दौरान पितरों के लिए जो जलदान किया जाता है, उससे उन्हें शीतलता मिलती है। आपको बता दें कि इस बार ग्रहों के संयोग को देखते हुए अक्षय तृतीया पर भरा हुआ जल पात्र, मिठाई, सफेद कपड़े, नमक, शरबत, चावल और चांदी का दान बेहद शुभदायी होगा।

## संकल्प: पीपलेश्वर महादेव मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

# प्रदेशभर में लगेंगी भगवान परशुराम की 100 मूर्तियां

**बेधड़क** | जयपुर

सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से शास्त्री नगर स्थित कांवटिया सर्किल पर स्थित पीपलेश्वर महादेव मंदिर में विधि विधान से हजारों ब्राह्मणों की उपस्थिति में भगवान परशुराम की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके साथ ही यहां भगवान परशुराम की नियमित पूजा-अर्चना प्रारम्भ हो गई है। इस मौके पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने भगवान परशुराम की 100 मूर्तियां लगवाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जिस भी मंदिर में परशुराम जी की मूर्ति की आवश्यकता होगी मैं निशुल्क उपलब्ध कराउंगा। 15 मई को शस्त्र पूजन कर पूजा की जाएगी।

संयोजक आशीष पराशर ने बताया कि इस अवसर पर 11 विद्वान पंडितों ने विधि विधान से वैदिक मंत्रों के साथ भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की। मुख्य यजमान रोहित शर्मा धर्मपत्नी सरोज ने प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पंचकुण्डीय यज्ञ, गणेश मंडल पूजन, अर्चना, जलाधिवास, अन्नाधिवास, माहान्यास प्राण प्रतिष्ठा के साथ भगवान परशुराम की प्राण प्रतिष्ठा की गई।



### श्रद्धालुओं ने नंगे पांव की परिक्रमा

इस अवसर पर नगर परिक्रमा से पहले मूर्ति की यात्रा निकाली गई। जिसमें शंख, ध्वनी, घंटे-घड़ियाल बजाते हुए परशुराम के जयकारे के साथ तपती धूप में सैकड़ों महिलाओं और श्रद्धालुओं ने नंगे पांव परिक्रमा की। इसके बाद प्रतिमा को विराजमान कर महाआरती की गई। इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने घोषणा की है कि हर वर्ष जयपुर के प्रमुख मंदिरों में भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। शुक्रवार को जयपुर में 32वीं भगवान परशुराम जी की प्राण प्रतिष्ठा हुई। मिश्रा ने राज्य सरकार से मांग की है कि सरकार हमें जल्द से जल्द जमीन उपलब्ध करवाए, जिससे कि भगवान परशुराम पीठ की स्थापना की जा सके। महासभा ने 111 फीट की भगवान परशुराम जी की मूर्ति लगाने का अभियान भी चला रखा है।

### समारोह में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर, एडिशनल डायरेक्टर गोविन्द पारीक, राष्ट्रीय महामंत्री महिला प्रकोष्ठ सविता शर्मा, नीलम मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री पं. श्याम शास्त्री, मुकेश मिश्रा, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेषाध्यक्ष गब्बर कटारा, जयपुर जिलाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, जयपुर शहरअध्यक्ष अनिल सारस्वत, पंकज शर्मा थोई, जयपुर युवा संभाग अध्यक्ष दिनेष शर्मा उदयपुर संभाग अध्यक्ष अविकुल शर्मा, मनोज मिश्र, राजेश शांडिल्य, युवा प्रकोष्ठ के प्रमोद शर्मा, राघव शर्मा, राजू शर्मा, हर्ष शर्मा, संजय मामा, प्रमोद शर्मा, विकास, गुंजन वशिष्ठ, हर्षवर्धन सहित सैकड़ों ब्राह्मण बंधु उपस्थित थे।

## स्टैच्यू सर्किल पर हादसा

# कुत्ते को बचाने में तेज रफ्तार कार पलटी बिजनेसमैन की मौत



**बेधड़क** | जयपुर

स्टैच्यू सर्किल पर शुक्रवार सुबह रोड पर अचानक आए कुत्ते को बचाने के चक्कर में एक तेज रफ्तार कार बिजली के पोल से जा टकराई। हादसे में कार के एयर बैग खुल गए, इसके बाद भी कार सवार युवक की जान नहीं बच पाई। एक्सीडेंट थाना (साउथ) पुलिस ने परिजनों के लिखित में देने पर बिना केस दर्ज किए शव परिजनों को सौंप दिया। सिर्फ पंचनामा किया गया।

एसएचओ एक्सीडेंट थाना (साउथ) सुभाष चन्द बिश्नोई ने बताया कि हादसे में जय सुरोलिया (24) पुत्र रवि कुमार निवासी शिवाजी स्टेडियम नई दिल्ली की मौत हो गई। मृतक जय होटल कारोबार से जुड़े हुए थे। शुक्रवार सुबह करीब 4:45 बजे जय अपनी फॉक्सवैगन कार से स्टैच्यू सर्किल से जा रहे थे। सड़क पर अचानक दौड़ते हुए कुत्ता सामने आ गया। उसे बचाने के चलते ओवर स्पीड कार पलटी खाकर बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के एयर बैग खुलने के साथ ही बिजली पोल टूटकर नीचे गिर गया। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने जैसे-तैसे संभालने की कोशिश की। एक्सीडेंट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल जय को कार से बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे एसएमएस हॉस्पिटल भिजवाया गया। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने एक्सीडेंट में जय सुरोलिया की मौत की सूचना परिजनों को दी। हॉस्पिटल पहुंचे परिजनों ने एफआईआर दर्ज करवाने से मना कर दिया।

## जांच कमेटी ने बताया कैमरे के कटे हुए थे तार

# जेके लोन का ब्लड बैंक इंचार्ज APO

**बेधड़क** | जयपुर

जेके लोन अस्पताल में प्लाज्मा चोरी मामले में सरकार ने ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. सत्येन्द्र चौधरी को एपीओ (पदस्थापन की प्रतीक्षा में) कर दिया है। जांच में ब्लड बैंक इंचार्ज की लापरवाही सामने आई है।

स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि जेके लोन अस्पताल में लैब टेक्नीशियन द्वारा प्लाज्मा चोरी का मामला सामने आया था। सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लैब टेक्नीशियन किशन सहाय कटारिया को निलंबित कर दिया था। एफआईआर दर्ज करवाई गई थी।

शुभ्रा सिंह ने बताया- मामले की जांच के लिए तत्काल प्रभाव से एक कमेटी गठित की गई थी। कमेटी की रिपोर्ट में बताया गया कि ब्लड बैंक के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग नहीं पाई गई। सात कैमरों में से प्लाज्मा स्टोर रूम में लगे एक कैमरे के तार कटे हुए थे। अन्य उपकरणों से छेड़छाड़ होना पाया गया। इस संबंध में अस्पताल प्रशासन को सूचना भी नहीं दी गई। इन स्थितियों को संदेहास्पद माना गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. सत्येन्द्र चौधरी को काम में उदासीनता और सुपरविजन में लापरवाही का दोषी मानते हुए राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से एपीओ कर दिया है। लैब टेक्नीशियन किशन सहाय कटारिया और डॉ. सत्येन्द्र चौधरी के विरूद्ध सीसीए नियम-16 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## 'जागो जयपुर, जगमग जयपुर' अभियान के तहत दो घंटे किया श्रमदान

# रसद विभाग कार्यालय अब 'फ्री रेड स्पॉट ऑफिस'

**बेधड़क** | जयपुर



नगर निगम हेरिटेज के 'जागो जयपुर, जगमग जयपुर अभियान के तहत शुक्रवार को जिला रसद कार्यालय में नो रेड स्पॉट अभियान चलाया गया। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर अतिरिक्त आयुक्त डॉ. रौनक बैरागी के नेतृत्व में चले इस अभियान में निगम के स्वच्छता प्रहरियों ने दो घंटे के श्रमदान के बाद रसद कार्यालय को फ्री रेड स्पॉट जोन बना दिया। इस अभियान में जिला रसद अधिकारी जयपुर शहर तूलिका सैनी ने भी अपने अधिकारी और कर्मचारियों के साथ श्रमदान किया। हेरिटेज निगम अतिरिक्त आयुक्त डॉ. रौनक बैरागी ने बताया कि जयपुर को फ्री रेड स्पॉट जोन बनाने के लिए नो रेड स्पॉट अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को हेरिटेज निगम के स्वच्छता प्रहरी जिला रसद कार्यालय में पहुंचे। जहां निगम की टीम ने साफ सफाई अभियान चलाया।

अभियान करीब दो घंटे चला। पूरे परिसर की निगम अधिकारी और कर्मचारियों ने मिलकर साफ-सफाई की और साथ ही निगम की जैटिंग मशीन से रेड स्पॉट को साफ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जयपुर शहर में खासतौर पर सार्वजनिक स्थलों और सरकारी कार्यालयों को नो रेड जोन बनाना है।

## 250 वार्डों में करीब 61 हजार फुटपाथ कारोबारी काबिज

# अतिक्रमण ऊंट सा और हटाने को दस्ता उसके मुंह में जीरे के बराबर

- ग्रेटर नगर निगम में 40 के स्थान पर मात्र 16 कार्मिक, उनमें से भी 6 ऑफिस वर्क में

**पुरूषोत्तम झा** | बेधड़क

**जयपुर।** राजधानी में अतिक्रमण ऊंट सा है और हटाने के लिए शहर की सरकार के पास दस्ता उसके मुंह में जीरे सा।

शाम को उसमें भी कमी आ जाती है, ऐसे में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नामभर की लगती है। नगर निगम का जाब्ता शाम के बाद काम नहीं करता। शहर के कमोबेश सभी इलाकों में इस दौरान होने वाले अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नहीं होती और अतिक्रमी भी बेखौफ होकर कहीं भी बैठ जाते हैं।

ऐसे में शाम के वक्त बाजारों में सड़कों-गलियों में कब्जा जमाए वेंडर्स और अन्य दुकानदारों को देखकर तो कार्रवाई का नाम भी नहीं दिखता। फिलहाल नगर निगम ग्रेटर के हालात यह हैं कि यहां 40 कार्मिकों के स्थान पर मात्र 16 कार्मिक ही प्रवर्तन दस्ते के पास उपलब्ध हैं।

इनमें से भी करीब 6 कार्मिकों के ऑफिस वर्क एवं कंट्रोल रूम में ड्यूटी लगाए जाने के बाद सिर्फ 10 लोग ही फील्ड में रहते हैं। ये पांच-पांच लोग दो टीमों के रूप में दो केंटर के साथ काम करते हैं। इनके केंटर भी ऐसे हैं कि एक थड़ी या ठेला उठाया तो हो गया हाउसफुल।

### फैक्ट फिगर्स

- *जयपुर शहर में 21 हजार लाइसेंसी स्ट्रीट वेंडर्स*
- *करीब 40 हजार वेंडर्स अवैध रूप से सड़कों पर काबिज*
- *लाखों की संख्या में अतिक्रमी गली से लेकर मुख्य सड़कों पर काबिज।*




फोटो: पंकज शर्मा

### 61 हजार फुटपाथ अतिक्रमी

शहर की सड़कों पर 61 हजार फुटपाथ अतिक्रमी कारोबारी हैं, जिनमें थड़ी, ठेला, खोमचा, फुड ऑन व्हील्स आदि शामिल हैं। ग्रेटर एवं हेरिटेज निगम के 250 वार्डों में करीब 61 हजार फुटपाथ कारोबारी काबिज हैं, इनमें से 21 हजार का निगम ने सर्वे कर रखा है। वहीं, करीब 40 हजार का कोई सर्वे नहीं है। ग्रेटर निगम ने 11 हजार 453 और हेरिटेज निगम ने 9 हजार 369 फुटपाथ कारोबारियों को आईडी कार्ड जारी किए हैं।

### शहर में हैं कुल 86 वेंडिंग जोन

जयपुर शहर में कुल 86 वेंडिंग जोन है, जहां फुटपाथ कारोबारी आवागमन को बाधित ना करने की शर्त के साथ व्यापार कर सकते हैं। इनमें मानसरोवर में जोन में 13, हवामहल जोन में 3, मोतीडूंगरी जोन में 10, सांगानेर जोन में 21, सिविल लाइंस में 23, विद्याधर नगर में 13, आमेर जोन में 3 स्थान वेंडिंग जोन के लिए स्वीकृत हैं।

### दस्ता बढ़ जाए तो दुरुस्त होगी कार्रवाई

"निगम के दस्ते की नफरी के अनुरूप बेहतर कार्य किया जा रहा है, दस्ता बढ़ जाए तो कार्रवाई और दुरुस्त होगी।

**सौम्या गुर्जर,** महापौर, नगर निगम ग्रेटर

### जरूरी खबर

## हत्या के इरादे से घूम रहे बदमाश को किया गिरफ्तार



**झालावाड़।** झालावाड़ जिले की कोतवाली थाना पुलिस की टीम की तत्परता से एक युवक की जान बच गई। हत्या के इरादे से पिस्टल में दो कारतूस लोड कर घूम रहे बदमाश ऋषि पारीक पुत्र सुनील पारीक निवासी तबेला रोड कायस्थ मोहल्ला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि गुरुवार को एक युवक ने सूचना दी थी कि पुरानी रंजिश के चलते ऋषि पारीक नाम का एक व्यक्ति पिस्टल लेकर उसे जान से मारने की नीयत से घूम रहा है। सूचना को पुलिस द्वारा गंभीरता से लिया गया। दबिश देकर पकड़ कर चैक किया तो एक देशी पिस्टल मिली। जिसकी मैगजीन में दो कारतूस लोड थे। आरोपी को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लेकर हथियार प्राप्ति की जानकारी ली गई।

## मतगणना दलों का प्रथम प्रशिक्षण 21 मई को

**सीकर।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए मतगणना दलों में नियुक्त गणना सुपरवाईजर, गणना सहायक तथा माईक्रों ऑब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण 21 मई को सुबह 10 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय कटराथल सीकर में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने दी।

## प्रभारी सचिव गुहा सोमवार से दो दिन जिले के दौरे पर



**सीकर।** जिले की प्रभारी सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन विभाग श्रेया गुहा सोमवार व मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर जिले में रहेगी। सचिव श्रेया गुहा सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय, संभागीय आयुक्त कार्यालय सीकर का सुबह 10 बजे निरीक्षण करेंगी व शाम 4 बजे जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक लेंगी। इसके बाद शाम 5.30 बजे नगर परिषद सीकर का निरीक्षण करेंगी। जिला कलेक्टर कमल उल जमान चौधरी ने बताया कि जिला प्रभारी सचिव श्रेया गुहा सुबह 10 बजे कार्यालय उपखण्ड अधिकारी रींगस, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रींगस का व 4 बजे कल्याण अस्पताल का निरीक्षण करेंगी।

### 47 वर्षीय मरीज की गई निशुल्क बाईपास सर्जरी, मेडिकल कॉलेज ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

# अब जेएलएन अस्पताल में भी हो सकेगी बाईपास सर्जरी

**बेधड़क** | अजमेर

संभाग के सबसे बड़े जेएलएन अस्पताल से अच्छी खबर आई है। अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में बाईपास सर्जरी की शुरूआत हो गई है। सीटीवीएस के डॉ. प्रशांत कोठारी समेत उनकी टीम ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत 47 वर्षीय व्यक्ति के हार्ट की निःशुल्क बाईपास सर्जरी की। वहीं सर्जरी सफल होने से जहां मरीज को राहत मिली है। जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीर बहादुर सिंह ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। सर्जरी के सफल रहने से आगे भी अस्पताल में बाईपास सर्जरी जारी रहने की उम्मीद जगी है।



कॉलेज के प्राचार्य वीर बहादुर सिंह ने बताया कि अजमेर निवासी अर्जुन लाल पिछले कई महीनों से बीमारी से त्रस्त था। सांस लेने में उसे तकलीफ होती थी। अर्जुन लाल ने कार्डियोलॉजी विभाग ओपीडी में चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक ने कई तरह की जांच करवाई, साथ ही एंजियोग्राफी भी मरीज की करवाई। जांच में सामने आया कि मरीज के हृदय में ब्लॉकेज है। इतना ही नहीं, उसके हृदय से पैरों तक की नसें ब्लॉक हो गई है, जिसकी वजह से खून का दौरा थम गया है। उन्होंने बताया कि मरीज की बाईपास सर्जरी का निर्णय लिया गया।

### नहीं जाना पड़ेगा बड़े शहर

इसके बाद 30 अप्रैल को मरीज अर्जुन लाल को भर्ती किया गया और 2 मई को उसका सफल ऑपरेशन हुआ। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है और उसे शुक्रवार को अस्पताल से डिस्चार्ज भी किया गया है। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रशांत कोठारी के प्रयास से यहां भी अब बाईपास सर्जरी की उम्मीद जगी है। इससे पहले मरीज को बाईपास सर्जरी के लिए जयपुर या अन्य बड़े शहरों में जाना पड़ता था। प्राइवेट अस्पताल में बाईपास सर्जरी का खर्च साढ़े तीन से 5 लाख रुपये तक आता है।

### एंजियोप्लास्टी है सर्जिकल प्रक्रिया

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीर बहादुर सिंह ने बताया कि मरीज की एंजियोप्लास्टी से हृदय की धमनियों को खोलने का काम किया जाता है, यानी हृदय में ब्लॉकेज की वजह से जब रक्त का भाव ठीक से नहीं हो पता है तब बाईपास सर्जरी की जाती है। इसमें धमनी में पतली ट्यूब या स्टेंट डालकर ब्लॉकेज को खोला जाता है। उन्होंने बताया कि एंजियोप्लास्टी करने से पहले एक इंजेक्शन मरीज को दिया जाता है, ताकि धामनिया कैमरे में साफ नजर आ सके। उन्होंने बताया कि बाईपास सर्जरी के लिए सीने के बीच चीरा लगाया जाता है। सर्जरी के दौरान कार्डियो पल्मोनरी बाईपास मशीन के जरिए शरीर में ऑक्सीजन दी जाती है। इस दौरान सर्जन खराब हुई धमनी को दुरूस्त करते हैं। रक्त वाहिकाओं को हृदय से जोड़ा जाता है, जिससे कि धमनी का खराब हुआ हिस्सा बाईपास किया जा सके।

### 3 घंटे की बाईपास सर्जरी से बची जान

ऐसी उम्मीद जगाने वाले डॉ. प्रशांत कोठारी ने बताया कि अर्जुन लाल पैरों की धमनियों में रक्त का बहाव नहीं होने पर इलाज के लिए आया। अर्जुन लाल के हृदय की मुख्य आर्टिलरी में ब्लॉकेज व एलईडी भी फटी होने पर मरीज की सहमति से बाईपास सर्जरी कर जान बचाई गई।

### जागरण कार्यक्रम के बाद प्रसादी लेकर लौटते वक्त हादसा

# कार ने मारी बाइक को टक्कर दंपती की मौके पर ही मौत

**बेधड़क** | उदयपुर

जिले के डूंगला थाना क्षेत्र में शुक्रवार को भाटिया तलाई एरिए में धार्मिक कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवार दंपती को एक कार ने टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी तेज थी कि दोनों 4 फीट उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में दपंति की मौत हो गई। हादसे के बाद कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसे में वल्लभनगर निवासी गणेश डांगी (52) और उनकी पत्नी बाबुड़ी बाई(45) की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार गणेश डांगी वल्लभनगर की एसबीआई ब्रांच में संविदा कर्मचारी है। वहीं उनकी पत्नी एसबीआई बैंक के लिए बिजनेस कॉरस्पोंडेंस का काम करती है। गणेश के पड़ोस के एक रिश्तेदार के यहां राजपुरा गांव में गुरुवार को रात्रि जागरण था। वल्लभनगर से राजपुरा की दूरी करीब 40 किलोमीटर है। गणेश और बाबुड़ी बाई दोनों गुरुवार की शाम रात्रि जागरण में शामिल होने के लिए निकले थे। शुक्रवार को यहां पर प्रसादी का कार्यक्रम था। प्रसादी के कार्यक्रम से दोनों पति-पत्नी वल्लभनगर के लिए निकले ही थे कि बीच रास्ते में ये हादसा हो गया। गणेश और बाबुड़ी की मौत की सूचना के बाद परिजन भी हॉस्पिटल पहुंचे। दोनों के शवों को ग्रामीणों की मदद से हॉस्पिटल पहुंचाया गया था।





### दंपती के तीन संतान

हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। डूंगला और कानोड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और हॉस्पिटल पहुंचाया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक दंपती के 24 साल और 21 साल की लड़की है। लड़का मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन कर रहा है। वहीं लड़की दिल्ली से एमटेक की पढ़ाई कर रही है। पुलिस ने ड्राइवर की तलाशी के लिए आस-पास के सीसीटीवी खंगालना शुरू कर दिए है।

### टेम्पो को ओवरटेक के समय हुआ हादसा

पुलिस ने बताया कि कनोड़ा मुख्य रोड पर भाटिया तलाई पर एक कार तेज स्पीड से जा रही थी। उसके आगे टेम्पो चल रहा था। कार ड्राइवर टेम्पो को ओवर टेक करते हुए जैसे आगे निकला उसने गणेश की बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि गणेश की बाइक के आगे का हिस्सा भी पूरी तरह से टूट गया। वहीं कार के आगे का हिस्सा भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गणेश के हेलमेट भी पहना हुआ था लेकिन इस हादसे में वह भी बिखर गया। इस हादसे में गणेश की बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। गणेश ने हेलमेट पहन रखा था लेकिन उससे भी जान नहीं बच सकी। इस हादसे में गणेश की बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

### दादी-पोती की मौत से गांव में छाया शोक

दोनों की मौत की खबर के बाद गांव में शोक छा गया। दुर्घटना के बाद मौके पर चारभुजा एसएचओ गोवर्धन सिंह मय जाप्ते के पहुंचे तथा ग्रामीणों को समझाया। पुलिस ने महिला का चारभुजा के हॉस्पीटल में पोस्टमॉर्टम कराया जबकि पोती का पोस्टमॉर्टम उदयपुर में हुआ।

### रफ्तार ने ली दादी-पोती की जान

राजसमंद। राजसमंद के चारभुजा थाना सर्कल के रिछेड गांव में जीप की टक्कर से पैदल चल रही दादी व पोती की मौत हो गई। हादसा के बाद थार का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया। दोनों घर का सामान लेकर अपने घर लौट रही थीं। जानकारी के अनुसार केसी बाई (55) पत्नी मिठुनाथ कालबेलिया व उसकी सात साल की पोती कवरी रिछेड गांव में सामान लेने के बाद वापस अपने गांव भोजेला पैदल लौट रही थीं। इस दौरान तेज रफ्तार थार जीप ने दादी व पोती को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई ओर दोनों घायलों को ऑटो से चारभुजा के हॉस्पिटल में पहुंचाया। जहां केसी बाई को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर घायल कवरी को उदयपुर रेफर कर दिया। वहां उसकी भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### 5064 परिवारों को DPNG कनेक्शन

# ग्रीन एनर्जी -क्लीन एनर्जी से जुड़े 25 हजार से ज्यादा



**बेधड़क** | जयपुर

आरएसजीएल ने कोटा में 25 हजार से अधिक नागरिकों तक ग्रीन एनर्जी -क्लीन एनर्जी सुविधा से जोड़ दिया है। जयपुर के कूकस व नीमराना में CNG व कोटा में CNG व PNG सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने यह जानकारी बताई है।

एमडी रणवीर सिंह ने बताया कि कोटा में 5064 परिवारों को डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस डीपीएनजी सुविधा उपलब्ध कराई। कोटावासियों को रोडमेप बनाते हुए डीपीएनजी-सीएनजी सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। RSGL द्वारा 10 CNG स्टेशनों का संचालन करते हुए वाहनों को ग्रीन एनर्जी उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं 60 व्यावसायिक व 13 औद्योगिक प्रतिष्ठानों में नेचुरल गैस कनेक्शन उपलब्ध कराई जा रही है। एमडी सिंह ने कोटावासियों से आग्रह किया है कि वे डीपीएनजी कनेक्शन प्राप्त करने के लिए संपर्क करें। आरएसजीएल द्वारा कोटा, नीमराना व कूकस में कारोबार बढ़ाने, नवाचार की दिशा में लगातार कदम बढ़ाये जा रहे हैं। बैठक में डीजीएम मार्केटिंग विवेक रंजन, डीजीएम सीएनपी विवक श्रीवास्तव डीएम आईटी गगनदीप राजोरिया, सीएस दीप्तांशु पारीक, सलाहकार रविशंकर अग्रवाल, पी आर प्रभारी राजेन्द्र शर्मा ने हिस्सा लिया। इस पर एमडी रणवीर सिंह ने कोटा डीजीएम आनन्द आर्य, सीपी चौधरी व टीम को बधाई दी और अधिक से अधिक परिवारों को ग्रीन एनर्जी-क्लीन एनर्जी सुविधा से जोड़ने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

### किराए की टैक्सी लूट की वारदात का खुलासा

# दो नाबालिग सहित चार को पकड़ा, लूटी गई कार बरामद

**बेधड़क** | बाड़मेर

बाड़मेर जिले की डीएसटी व थाना ग्रामीण पुलिस ने गुजरात से टैक्सी कार किराए पर लाकर थाना क्षेत्र में चालक के साथ मारपीट कर लूट की वारदात का खुलासा किया है। वारदात के आरोपी अचलाराम उर्फ अशोक जाट पुत्र लिछाराम व उसके भाई मगाराम जाट निवासी असाडा की बैरी थाना ग्रामीण को गिरफ्तार कर दो साथी नाबालिगों को निरूद्ध किया गया। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि उत्तर प्रदेश के इटावा निवासी कुश यादव अहमदाबाद में टैक्सी चलाता है। 8 मई को तीन युवक 5 दिन की ट्रिप की कहकर किराए पर चलने को कहा। जिसमें से एक ने अपनी आईडी अचलाराम निवासी थाना ग्रामीण की दी। 9 मई की सुबह वे जब दांता गांव के पास पहुंचे तो तीनों ने लघु शंका की कहकर टैक्सी रूकवाई और जान से मारने की धमकी देते हुए टैक्सी लूटकर भाग गए। एसपी मीना ने वारदात को गम्भीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस व सीओ रमेश कुमार शर्मा के सुपरविजन एवं प्रभारी थाना ग्रामीण विक्रम सिंह एसआई व डीएसटी प्रभारी अमीन खान के नेतृत्व में गठित की गई विशेष टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहायता से मुलजिम अचलाराम व उसके भाई मगाराम को गिरफ्तार कर लूटी गई कार बरामद की गई। पूछताछ में इन्होंने दो अन्य नाबालिग साथियों के साथ मिलकर टैक्सी कार लूटना स्वीकार किया।

### कमरे में सो रहे लोगों के कुंडी लगाकर 2.30 लाख और जेवरात किए पार

# थाने के पास घर को चोरों ने बनाया निशाना

**बेधड़क** | चाकसू

क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। बीते रात को पुलिस थाने की नाक के नीचे चोरों ने एक मकान को अपना निशाना बनाया है। मकान की पुलिस थाने से तकरीबन 500 मीटर की दूरी पर है। जहां चोर मकान की वॉल बाउंड्री (दीवार) फांदकर घर के अंदर घुस गए और कमरे में सो रहे लोगो के दरवाजे पर कुंडी लगाकर 2.30 लाख की नगदी समेत जेवरात व अन्य सामान चुराकर फरार हो गए। चोरी की घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार राधे विहार कॉलोनी वार्ड 32 निवासी रामावतार सैनी जो कि श्रीकामधेनु गौशाला समिति अध्यक्ष भी हैं वे अपने परिवार के साथ कमरे में सो रहे थे।



देर रात को अज्ञात चोर दीवार फांदकर मेन डोर का लॉक तोड़कर मकान के अंदर घुस गए। जिस कमरे में पीड़ित सो रहा था, चोरों ने उस कमरे के दरवाजे के कुंडी लगा दी और और दूसरे कमरों के ताले तोड़कर 2.30 लाख की नगदी, जेवरात व अन्य सामान चुराकर फरार हो गए। घर पर ख़डी बाइक भी चोर ले गए। चोरी की घटना की जानकारी लगने पर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

पीड़ित मकान मालिक सहित स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर रोष जाहिर किया चोरों को पकड़ने की मांग की। घटना के बाद चाकसू थाना प्रभारी केलाश दान मय जाब्ते के साथ पहुंचे घटना की बारीकी से जांच की। कुछ आवश्यक फुटेज जुटाए। वही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए तीन चोरों की विभिन्न स्थानों पर टीमे भेजकर तलाश शुरू कर दी है।

### यूडीए करेगा फतेहसागर झील का जीर्णोद्धार का लिया काम

# फतेहसागर झील में नेहरू पार्क की बदलेगी तस्वीर, बनेगा एम्फीथिएटर

**बेधड़क** | उदयपुर

उदयपुर शहर का शुक्रवार को 471 स्थापना दिवस मनाया गया है। पर्यटकों के लिए उदयपुर में नया टूरिस्ट प्वाइंट विकसित किया गया है। उदयपुर की फतहसागर झील के बीच स्थित नेहरू पार्क की सूरत बदलने के लिए उदयपुर विकास प्राधिकरण (UDA) ने काम हाथ में लिया है। अगले महीने तक उसे पूरी तरह से तैयार करने की बात की जा रही है। इसके बाद उसे आमजन के लिए शुरू करने की तारीख तय की जाएगी।

उदयपुर की फतहसागर झील के बीच नेहरू पार्क में बनाया एम्फीथिएटर, जो सामने गोलाई में निर्माण किया जा रहा है वह छोटा सा मंच होगा।



### एम्फीथिएटर में 75 जने एक साथ बैठ सकेंगे

नाव से उतरने के बाद जैसे ही अंदर नेहरू पार्क में जाएंगे, वहां एम्फीथिएटर बनाया गया है। एक तरह से इसे ओपन थिएटर कह सकते है। ढलान वाली बैठने की व्यवस्था यहां की गई है। इसमें एक तरफ दर्शकों के बैठने के साथ थिएटर-शैली का मंच बनाया गया है। ये गोलाकार थिएटर है। इस मंच पर कोई आकर प्रस्तुति दे सकता है और सामने उसको सुनने वाले और साथ देने वाले होंगे। इसमें करीब 75 जनों के बैठने की व्यवस्था होगी। इस खुले आंगन में मंच के सामने बैठने वालों के लिए पक्के निर्माण से सीढ़ीनुमा जगह बनाई जो राउंड शेप में है। इसके पीछे मकसद यहीं है कि नेहरू पार्क आने वाला ग्रुप, फैमिली इस जगह पर खुले आंगन में अपनी कला का प्रदर्शन कर सकें। चारों तरफ झील का पानी हिलोरे लेता रहेगा और इस ग्रीन स्पेस वाली जगह पर कुछ अलग ही अंदाज में अपनी जो भी कला है उसे आपस में सबके बीच शेयर कर सकेंगे।

### ब्रिज से होगा रेस्टोरेंट जाने का रास्ता

नेहरू पार्क में कभी लंबे समय तक रेस्टोरेंट सफल हुआ, जिसका नतीजा यह था कि वहां जाने वाला ज्यादा नहीं रुकता क्योंकि खाने-पीने के लिए कोई रेस्टोरेंट नहीं था। अब यहां रेस्टोरेंट को अच्छे से तैयार किया गया है। रेस्टोरेंट पर जाने के लिए करीब 100 मीटर के एक ब्रिज पर चलकर जाना होगा। ब्रिज के दोनों तरफ फतहसागर झील के पानी के हिलोरे मारने का शोर होगा और नाव की सवारी करने वालों को ब्रिज से ही देख सकेंगे। ब्रिज से ये फासला पार करते ही रेस्टोरेंट में पहुंच जाएंगे।

### कैफेटेरिया में सब कुछ मिलेगा

असल में इस पार्क में पहले लोग आते तब सब कुछ उझड़ा हुआ था और यहां कुछ खाने को नहीं मिलता था। अब यहां जो जहाजनुमा कैफेटेरिया बनाया गया है वहां पर ब्रिज से होकर जाना होगा। रेस्टोरेंट में झील किनारे के नजारे देखने के साथ ही खाने का प्रबंध होगा। गार्डन में चारों तरफ ग्रीन स्पेस के बीच अलग-अलग 6 फाउंटेन लगे हुए है। इन फाउंटेन को पुन: तैयार किया गया। शाम के समय में इन फाउंटेन के बीच यहां समय बिताने का आनंद ही अलग होगा।

### दिखेगा केरल सा नजारा

नेहरू पार्क में घूमने के लिए जो पथ बने है, उन पर अब हैरिटेज टाइल्स लगाई गई है। इस टाइल्स के जरिए पथ को मजबूत और आकर्षक



बनाया गया है। इससे गार्डन के लुक में भी परिवर्तन दिखा। खुला आसमान, चारों ओर पानी ही पानी, पानी पर तेजी से चलते स्पीड बोट में पानी की लहरों पर सफर की तस्वीरें इस पार्क से दिखेगी। पार्क में लगे नारियल के पेड़ और उसके बीच आसमान ऐसा लगता है मानो आप केरल में है।

### साढ़े सात करोड़ का प्रोजेक्ट

यूडीए गार्डन को संवारने पर 7.5 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। दो हेक्टेयर में फैले गार्डन में मखमली हरी घास उगाई जा रही। ब्रिज किनारों पर स्टील की रेलिंग लगाई जा रही है। उदयपुर विकास प्राधिकरण के कमीश्नर राहुल जैन ने कार्य को जल्द समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**एजुकेशन: जयपुर में निर्मित हो रहा राज्य का पहला सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज**

# 25 करोड़ की लागत से बनेगा... छात्रों के लिए होगी कई सुविधाएं

## लगभग 10 हजार वर्गमीटर का होगा कैंपस

बेधड़क । जयपुर

जयपुर धीरे-धीरे शिक्षा नगरी के रूप में पुरी दुनिया में उभर रहा है। यहां लगातार शिक्षा के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए नए-नए कॉलेजों का निर्माण हो रहा है, चाहे वह निजी हो या सरकारी, ऐसे ही जयपुर के झालाना संस्थानिक क्षेत्र में राज्य का 'पहला' सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज बन रहा है, जो लगभग 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगा। यह राज्य का पहला सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज होगा जो लगभग 10 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में 25 करोड़ रुपए कीलागत तैयार किया जा रहा है। कंप्यूटर साइंस, सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं की फिस निजी संस्थानों में सालाना 80 हजार से 1 लाख रूपए तक है। यह कॉलेज इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एक अच्छी सौगात है।

अभी जयपुर में सत्र 2023-24 के लिए कंप्यूटर साइंस, सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक डिग्री लेने वाले छात्रों की कक्षाएं झालाना स्थित राजकीय खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज में लग रही है। बता दें कि अभी इस नए कॉलेज का निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है और तेजी से इसका जल्द पूरा हो जाएगा।

### सभी लैब आधुनिक होंगे

इस इंजीनियरिंग कॉलेज में स्टूडेंट्स के लिए तमाम सुविधाएं होगी, जिसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री, कंप्यूटर, बायोमेडिकल और एआई की आधुनिक लैब, लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम और हॉस्टल, कैफेटेरिया भी बनाए जाएंगे। साथ ही, कॉलेज में पार्किंग और सीसीटीवी कैमरे की भी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। यह कॉलेज 4 मंजिला होगा और अन्य सुविधाएं भी कॉलेज के अंदर ही रहेगी।



### किसमें है कितनी सीट, यहां देखें

अभी सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज फिस और सीटें जयपुर के सरकारी और पॉलिटेक्निक कॉलेज में अभी 2023-24 सत्र के लिए कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के लिए 60 सीटे, सिविल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर की 60 सीटें, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में 60 सीटें और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में 30 सीटे हैं। साथ ही, सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में सालाना फिस के हिसाब से सामान्य कैटेगरी, ओबीसी और एसबीसी के लिए 42,400 रुपए और एससी एसटी और महिलाओं के लिए 27,400 है।

**Yuva स्टोरीज**

## महाराव शेखाजी ने जगाई जातियों में प्रेम की अलख



बेधड़क । जयपुर

शेखावाटी के संस्थापक और नारी सम्मान के रक्षार्थ प्राणोत्सर्ग करने वाले महाराव शेखाजी का 536वाँ निर्वाण दिवस समारोह शुक्रवार को श्री भवानी निकेतन महाविद्यालय (छात्र) पंजवन रॉय हॉल में मनाया गया। महाराव शेखा संस्थान के सचिव सम्पत सिंह धमोरा ने बताया कि समारोह में विभिन्न धर्मगुरुओं ने शेखाजी के जीवन पर विचार प्रकट किए। इसमें पण्डित धनश्याम दास ने भजनों के माध्यम से सनातन और तो फादर विजयपाल ने बाईबिल का संदेश दिया। वहीं हाफिज मंजूर साहब, उपाध्यक्ष, जमीयत उलेमा-हिन्द, जयपुर शहर ने कुरान के सन्देश से इंसानियत के बारे में बताया। सरदार गुरमीत सिंह, सचिव, गुरूद्वारा, नेहरू नगर ने गुरूवाणी द्वारा साम्प्रदायिक सद्भाव, नारी सम्मान व मानव मात्र के कल्याण का उपदेश उपस्थित लोगों को दिया। महाराव शेखा जी की पहचान देश एवं प्रदेश में धर्म सहिष्णु व्यक्तित्व, जातियों में आपसी प्रेम की अलख जगाने वाले तथा नारी के सम्मान के रक्षार्थ प्राणोत्सर्ग करने वाले महामानव के रूप में है। धर्म सहिष्णुता, जातिय प्रेम एवं नारी सम्मान आज भी पूरे विश्व में प्रासंगिक है। समारोह में महाराव शेखा संस्थान के जालिम सिंह आसपुरा, कार्यकारी अध्यक्ष, गोवर्धन सिंह दिवराला, कोषाध्यक्ष, श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के नगेन्द्र सिंह बगड़, उपाध्यक्ष, श्याम सिंह मण्ढ़ा कोषाध्यक्ष, दिलीप सिंह छापोली, महेन्द्र सिंह जैसलाण कार्यकारिणी सदस्य, श्री राजपूत सभा से मोहन सिंह बगड़, प्रद्युम्न सिंह, क्षत्रिय युवक संघ से महावीर सिंह सरवड़ी, महेन्द्र सिंह, दहेज विरोधी संघ के अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़, शिक्षण संस्थाओं के प्रिंसीपल सहित जयपुर शहर के गणमान्य नागरिक, शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राओं एवम् सभी जाति समुदाय वर्ग के लोगों ने भाग लिया।

अंत में महाराव शेखा संस्थान जयपुर शहर जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह जेरठी ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## यूजीसी नेट जून 2024 के आवेदन अब 15 मई तक

### 18 जून को ऑफलाइन मोड में आयोजित होगी UGC नेट परीक्षा

एजेंसी । नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) जून 2024 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। जारी शेड्यूल के अनुसार, अब उम्मीदवार 15 मई रात 11:59 बजे तक यूजीसी नेट जून 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा जून 2024 के लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट ugcnet.nta.ac.in पर लास्ट डेट तक आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। इससे पहले उम्मीदवारों के लिए यूजीसी नेट 2024 पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 मई तय की गई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने एक आधिकारिक नोटिस में कहा, "राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को यूजीसी-नेट जून 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने के लिए उम्मीदवारों से विभिन्न अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। जिसके चलते पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाने का फैसला लिया गया है।" यूजीसी नेट पंजीकरण की समय सीमा के साथ एनटीए ने शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि भी बढ़ा दी है। पंजीकृत उम्मीदवार अब 16 से 17 मई तक यूजीसी नेट 2024 आवेदन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। यूजीसी नेट जून 2024 आवेदन सुधार विंडो 18 मई से 20 मई तक खुलेगी। यूजीसी नेट जून 2024 परीक्षा तीन पालियों के लिए 18 जून को ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी।

**सन टू ह्यूमन फाउंडेशन का स्वास्थ्य पर विशेष शिविर**

# 10,000 शहरवासियों ने करवाए रजिस्ट्रेशन

### हनुमान नगर विस्तार कॉलोनी के पार्क में हुआ निशुल्क डेमो शिविर का आयोजन



बेधड़क । जयपुर

सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की ओर से 28 मैं से 2 जून तक भवानी निकेतन में आयोजित होने वाले वृहद शिविर से पूर्व श्री राम मंदिर शिवाजी पार्क श्याम नगर में पार्क में एक डेमो शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पार्क में नियमित आने वाले तथा तथा कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने भाग लिया। इस डेमो शिविर में सेजवानी, इंदौर से यहां पहुंची परमालय की प्रमुख शिष्या भक्ति मां ने विभिन्न तरह के प्रयोग करवाएं तथा सूर्य नाड़ी को जागृत करने वाले कई तरह के प्रयोग भी बताएं, जिससे मनुष्य जीवन भर स्वस्थ रहकर कार्य कर सकता है। इस मौके पर लोगों ने नृत्यगान किया एवं विभिन्न तरह की एक्सरसाइज की एवं स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जानकारी ली।



### दस शिविर हो चुके आयोजित

आयोजन से जुड़े संजय महेश्वरी, नरेंद्र वैद्य विवेक लड्ढा एवं कमल समानी ने बताया कि फाउंडेशन गत दस वर्षों में जनसाधारण के स्वास्थ्य लाभ के लिए नए दृष्टिकोण वाले दस शिविर जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कर चुका है। इनके माध्यम से हजारों जयपुर वासी लाभान्वित हुए हैं। इसी क्रम में जयपुर में 11 वाँ शिविर सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के प्रणेता परमआलय जी के सान्निध्य में 28 मई से 2 जून तक प्रतिदिन प्रात 6:00 बजे से 8.30 बजे तक सीकर रोड पर स्थित भवानी निकेतन विद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। सन ह्यूमन फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया कि सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की ओर से देश-विदेश में अब तक ऐसे 300 से अधिक निशुल्क शिविर आयोजित किए जा चुके हैं जिनमें लोगों को सही आहार, सही व्यायाम और सही ध्यान के द्वारा सकारात्मक ऊर्जा निर्माण करके स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की विधि सिखाई जाती है। प्रतिदिन शिविर में ब्रेन विकसित करने के आसान प्रयोग व सूत्र बताए जाते हैं जिससे कि साधकगण स्वयं को दवा मुक्त रखते हुए स्वस्थ व आनंदमय जीवन जी सकें।

### साधना सत्र के बाद ऊर्जादायक नाश्ता

साधना सत्र के बाद प्रतिदिन 20 से 25 आइटम का अदृश्य शक्तियों को जगाने वाला पौष्टिक एवं ऊर्जावान नाश्ता भी सभी साधकों को नि:शुल्क कराया जाता है। संजय महेश्वरी तथा नरेंद्र वैद्य ने बताया कि वर्तमान समय में भारत सरकार द्वारा योग एवं स्वास्थ्य शिविरों को बहुत प्रोत्साहन दिया जा रहा है ताकि आम आदमी निरोगी रह कर आनंदमय जीवन व्यतीत कर सके। इसी भावना से जयपुर में यह शिविर सर्वसमाज के लिए आयोजित किया जा रहा है जिससे यहां के नागरिक अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ प्राप्त कर सकें। आयोजन से संयोजक संजय माहेश्वरी ने बताया कि अब तक लगभग 10,000 शहर वासियों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। शिविर में आने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया ने बताया कि इस शिविर में लगभग 30,000 हजार लोगों के भाग लेने की संभावना है

# 'फ्रेंड्स ने पढ़ाकू बोला, पर बुरा नहीं लगा'

**प्रेरक: 10वीं में रायपुर की 4 लड़कियां टॉप-10 में...**

बेधड़क । नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ में दसवीं कक्षा के रिजल्ट में टॉप-10 में 59 छात्रों ने जगह बनाकर प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इनमें रायपुर जिले की 4 छात्राएं हैं। इनमें अंशिका सिंह चौथे, रिया सिंह आठवें, तनीषा सिंह नौवें और बॉबी मिंज दसवें नंबर पर रहीं। इनमें किसी के पिता की छोटी सी दुकान हैं तो कोई अपनी मां को सिलाई में मदद करती हैं।

आठवीं रैंक लाने वाली रिया सिंह ने बताया कि मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं। यह सफलता एक स्ट्रेटजी का नतीजा है। जो दसवीं में एडमिशन लेने के साथ ही शुरू हो गई थी। साल भर एक रूटिंग को फॉलो करने से सफलता मिली है। रिया ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मुझे भी और स्टूडेंट की तरह पढ़ते समय नींद आती थी। इसके बाद मैं कुछ देर पढ़ाई बंद कर टहलने लग जाती थी। शरीर में फिजिकल एक्टिविटी होने के बाद फिर रिचार्ज होकर पढ़ने बैठ जाती थी।



### सब पढ़ाकू-पढ़ाकू कहते थे

रिया ने कहा कि उसके पढ़ाई के शेड्यूल और निचले क्लास में टॉपर होने के चलते उसके दोस्त उसे पढ़ाकू बोलते थे। रिया ने मुस्कुराते हुए कहा कि अब चूंकि मैं टॉपर थी तो मुझे बहुत ज्यादा बुरा भी नहीं लगता था। उन्हीं दोस्तों के साथ मैंने कई बार ग्रुप स्टडी भी की। मेरे से जुड़े दोस्त भी पढ़ाई में अच्छे थे।

## ओजस्व ने जीता कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल

**जयपुर।** इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी और कॉमनवेल्थ फेडरेशन की ओर से गंगानगर में आयोजित गोजुरियो कराटे चैंपियनशिप की अंडर 13 वर्ग की कुमिते प्रतियोगिता में वॉरेन एकेडमी स्कूल के कक्षा 8 के छात्र ओजस्व गजराज ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

ओजस्व ने अपनी जीत का श्रेय उन्होंने अपने कोच अशोक पारीक को दिया । ओजस्व वर्तमान में ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डेन विजेता है तथा अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न कराटे प्रतिस्पर्धा में कुल 28 मेडल जीत चुका है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रजत व कांस्य पदक भी जीत चुका है । उन्होंने अपनी ट्रेनिंग अशोक स्पोर्ट्स अकादमी से प्राप्त की है।



**डिस्कशन** **शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने दिए संकेत**

# बड़ी राहत... प्रदेश में अब नहीं होगी रीट की परीक्षा!

### स्टूडेंट्स बीएड से पहले ही एक परीक्षा देकर कर सकेंगे भविष्य तय

बेधड़क । जयपुर

सरकारी स्कूलों में शिक्षक बनने का ख्वाब देख रहे प्रदेश के युवाओं को 2 वर्षीय बीएड, 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बीएड और बीएससी बीएड कोर्सेज में दाखिले के लिए पहले पीटीईटी का एग्जाम देना होता है। उसके बाद बीएड कोर्स, फिर रीट एग्जाम और आखिर में मुख्य परीक्षा से गुजर कर स्कूल में शिक्षक बनने का सपना पूरा होता है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में अभ्यर्थियों के कई साल गुजर जाते है और सफल होने वाले अभ्यर्थियों का प्रतिशत में महज 10 फीसदी ही है। बाकी 90 फीसदी अभ्यर्थियों को मायूसी ही हाथ लगती है। ऐसे में अब प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने अभ्यर्थियों का समय व्यर्थ न हो, इस उद्देश्य से एक प्लान तैयार किया है। इसके तहत न तो छात्रों को रीट की परीक्षा देनी होगी और ना ही कई साल बरबाद करने होंगे। बीएड से पहले ही एक परीक्षा देकर वो अपना भविष्य तय कर सकेंगे।



### एक कॉम्पिटिशन से हो जाएगा फैसला

ऐसे में युवाओं का समय बर्बाद ना हो और एक कॉम्पिटिशन एग्जाम देने के बाद ही ये तय हो जाए कि उन्हें नौकरी मिलेगी या नहीं। उन्होंने बताया कि यदि बीएड किए बिना अभ्यर्थी परीक्षा में भाग लेगा तो परीक्षा में सफल होने पर उसे बीएड करने के लिए समय दिया जाएगा और यदि बीएड किया हुआ अभ्यर्थी परीक्षा में सफल होता है तो उसे सीधे नौकरी दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीएड से पहले एक कॉम्पिटिशन एग्जाम होगा। इस कॉम्पिटिशन एग्जाम की मेरिट ग्रेड और विषय वार बनाई जाएगी। इस एक कॉम्पिटिशन एग्जाम से ये क्लियर हो जाएगा कि अभ्यर्थी शिक्षक बनेगा या नहीं। हालांकि, इसके लिए पहले लीगल राय ली जाएगी। एक्सपर्ट से भी बातचीत कर रहे हैं। सबसे बातचीत करने के बाद जो न्याय संगत होगा, वही कदम उठाया जाएगा ताकि नियमों का उल्लंघन की बात कहकर कोई कोर्ट से स्टे नहीं ले पाए।

### ताकि युवाओं के 5 साल बेकार न हों

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मीडिया को बताया कि जो प्लान है, उसके अनुसार युवाओं के 5 साल बेकार ना हों। पहले उन्हें बीएड के लिए प्रतियोगिता परीक्षा देनी होती है। उसके बाद बीएड और फिर रीट और मुख्य परीक्षा देनी होती है, तब जाकर नौकरी लगती है। जितने लोग बीएड करते हैं सभी को नौकरी मिल भी नहीं पाती। अधिकतर को तो करियर के दूसरे क्षेत्र में भाग्य आजमाने का भी मौका नहीं मिल पाता।

# एक मंटो बंबई में रहा, दूसरा लाहौर में होगा




ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार



हिन्दी-उर्दू अफसाना निगारी में सआदत हसन मंटो की हैसियत, एक मील के पत्थर की सी है। जिसे छूने की हर अफसाना निगार की कोशिश होती है, लेकिन यह हसरत पूरी नहीं हो पाती। मंटो को इस दुनिया से गुजरे एक लंबा अरसा हो गया, लेकिन दूसरा मंटो पैदा नहीं हुआ। आज भी उनका लेखन, नये लिखने वालों को प्रेरणा देता है और गालिबन आगे भी देता रहेगा। 11 मई, 1912 को अविभाजित भारत के लुधियाना जिले के कस्बा सम्बराला में जन्मे मंटो की इब्तिदाई तालीम लुधियाना और अमृतसर में हुई। वहीं उन्होंने आला तालीम अलीगढ़ यूनिवर्सिटी से मुकम्मल की। पढ़ाई के तुरंत बाद वे सहाफत के मैदान में आ गए। 'मुसावात' वह रोजनामा था, जिससे मंटो ने अपनी पत्रकारिता की शुरुआत की। आगे चलकर वे और भी मशहूर अखबार और मैग्जीनों से जुड़े रहे। मजामीन, अफसानों के प्रकाशन से लेकर उन्होंने उन अखबार-मैग्जीन की एडिटिंग भी की। मंटो ने अपनी अदबी जिंदगी की इब्तिदा रूसी और फ्रांसीसी अदीबों के अदब के तर्जुमों से की। जिनकी शैली और अंदाज-ए-फिक्र उनकी शुरुआती तहरीरों में नुमायां है। उन्होंने उस वक्त 'हुमायूं' का 'फ्रांसीसी नंबर' और 'आलमगीर' के 'रूसी अदब नंबर' का संपादन भी किया। यही नहीं ऑस्कर वाइल्ड के जब्तशुदा ड्रामे 'वीरा' और विक्टर ह्युगो की किताब 'द लास्ट डेज आफ ए कंडेम्ड' का 'सरगुजश्त-ए-असीर' के नाम से उर्दू जबान में तर्जुमा किया। 'सरगुजश्त-ए-असीर' ही मंटो की पहली किताब है।

मंटो अपनी नौजवानी से ही रूसी और चीनी अदब के परस्तार थे, लेकिन थोड़े ही अरसे के बाद, उन्होंने अपना एक खास लेखन स्टाइल बना लिया। 'तमाशा' मंटो का पहला अफसाना था, जो 'खुल्क' में शाए हुआ। बारी अलीग इसके संपादक थे। मंटो के इब्तिदाई अफसाने 'शू शू', 'खुशिया', 'दीवाली के दीए' फिल्मी हफ्तावार अखबार 'मुसव्विर' में शाए हुए, जो कि मुंबई से निकलता था। आगे चलकर उन्होंने 'मुसव्विर' का संपादन भी संभाला। 'साकी', 'नुकूश', 'अदब-ए-लतीफ' और 'एहसास' वे अदबी रिसाले हैं, जिनमें मंटो के अफसाने और मजामीन अहमियत के साथ शाए होते थे।

मंटो ने दो सौ से ज्यादा कहानियां लिखीं। व्यक्ति चित्र, संस्मरण, फिल्मों की स्क्रिप्ट और डायलॉग, रेडियो के लिए ढेरों नाटक और एकांकी, पत्र, कई पत्र-पत्रिकाओं में कॉलम लिखे, पत्रकारिता की। मंटो ने 'ऑल इंडिया रेडियो', नई दिल्ली में भी काम किया। जहां वे स्क्रिप्ट राइटर मुकर्रर किए गए थे। उन्होंने फीचर के अलावा सौ से ज्यादा ड्रामे लिखे। ड्रामा लिखने पर, तो जैसे उन्हें महारथ ही हासिल थी। कोई भी विषय हो, वे उस पर फटाफट ड्रामा लिख देते। ड्रामा लिखने की उनकी रफ्तार का आलम यह था कि महीने में तीस-चालीस ड्रामे और फीचर तक लिख देते थे। उस जमाने में जब ज्यादातर अदीब लेखन के लिए कागज-कलम का इस्तेमाल करते थे, मंटो ने सीधे टाइप राइटर पर अपना अदबी लेखन किया। 'चुगद' कहानी संग्रह के मुख्तसर दीबाचे (भूमिका) में मशहूर शायर अली सरदार जाफरी ने मंटो के अफसानों पर अपनी बेबाक राय देते हुए कहा है, 'मंटो की अफसाना निगारी हिंदुस्तान के दरमियानी तबके के मुजरिम जमीर की फरियाद है। इसलिए मंटो उर्दू अदब का सबसे ज्यादा बदनाम अफसाना निगार है। और वह बदनामी जो मंटो को नसीब हुई है, मकबूलियत और शुहरत की तरह सिर्फ कोशिश से हासिल नहीं की जा सकती। इसके लिए फनकार में असली जौहर होना चाहिए। मंटो का जौहर उसके कलम की नोक पर नगीने की तरह चमकता है। मंटो ने उन किरदारों की तस्वीर-कशी (चित्रण) की है, जिनसे सरमायादारी निजाम ने उनकी इंसानियत छीन ली है।' मंटो पर अपनी कहानियों में अश्लीलता बरतने और नग्नता चित्रण के इल्जाम भी लगे। उनके अफसानों 'काली सलवार', 'बू', 'ठंडा गोश्त', 'ऊपर नीचे और दरमियान' और 'धुआं' के खिलाफ भारत और पाकिस्तान की अदालतों में मुकदमे चले। यह बात अलग है कि बाद में वे इन इल्जामों से ज्यादातर में बरी हुए। उनके मुखालिफीन अदालत में लाख कोशिशों के बावजूद उन पर यह घटिया इल्जाम साबित न कर सके।

बंटवारे के बाद मचे हंगामे और अफरा-तफरी में उनकी बीवी सफिया और बेटियां पाकिस्तान चली गईं और वहीं की होकर रह गईं। मजबूरन मंटो को भी पाकिस्तान जाना पड़ा। उनके पाकिस्तान जाने के पीछे तरह-तरह के किस्से प्रचलित हैं। लेकिन मंटो पाकिस्तान क्यों गए?, इस पूरे वाकिए को ड्रामा निगार बलवंत गार्गी ने मंटो पर केन्द्रित अपने एक दिलचस्प खाके में बयां किया है। जब उन्होंने मंटो से इस बारे में उनकी कैफियत पूछीं, तो उनका जवाब था-'मेरे दोस्त पूछते हैं कि मैं पाकिस्तान क्यों जा रहा हूं? क्या मैं डरपोक हूं? मुसलमान हूं? मगर वो मेरे दिल की बात नहीं समझ सकते। मैं पाकिस्तान जा रहा हूं। ताकि वहां एक मंटो हो। जो वहां की सियासी हरामजदगियों का पर्दाफाश कर सके। हिंदुस्तान में उर्दू का मुस्तकबिल खराब है। अभी से हिंदी छा रही है। मैं लिखना चाहता हूं, तो उर्दू में ही लिख सकता हूं। छपना चाहता हूं, ताकि हजारों तक पहुंच सकूं। जबान की अपनी मंतक (तर्कशास्त्र) होती है। कई बार जुबान खयालात भी होती है। उसका तअल्लुक़ लहू से है। एक मंटो बंबई में रहा, दूसरा लाहौर में होगा।'

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



**सआदत हसन मंटो की जयंती**

*"मंटो निडर और बागी तबीयत के मालिक थे। पाकिस्तान जाने के बाद, मंटो सिर्फ सात साल और जिंदा रहे। 18 जनवरी, 1955 को लाहौर में उनका इंतिकाल हो गया। मंटो जिस्मानी तौर पर भले ही पाकिस्तान चले गए, मगर उनकी रूह हिंदोस्तान के ही फिल्मी और अदबी हल्के में भटकती रही।"*

## प्रतिवर्ष मई और अक्टूबर माह के दूसरे शनिवार को मनाते हैं विश्व प्रवासी पक्षी दिवस

# प्रवासी पक्षियों को संरक्षण की जरूरत




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार


*"दलदली और जल वाली भूमि का लगातार घटते जाना भी एक प्रमुख कारण है। जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध पश्चिमी घाटों पर वर्ष 2000 से पक्षियों की संख्या में 75 प्रतिशत तक कमी आई है। याद होगा कि अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ने वर्ष 2013 में भारत में देखे जाने वाले पक्षियों की दस प्रजातियों को बेहद गंभीर रूप से संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल किया था।"*

आज विश्व प्रवासी पक्षी दिवस है। वर्ष 2006 में विश्व प्रवासी पक्षी दिवस की स्थापना के बाद से यह दिवस वर्ष में दो बार मई और अक्टूबर माह के दूसरे शनिवार को दुनिया भर में मनाया जाता है। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस एक वार्षिक जागरूकता अभियान है जिसका उद्देश्य प्रवासी पक्षियों और उनके आवासों की संरक्षण की जरुरत पर प्रकाश डालना है। इस आयोजन के तहत प्रवासी पक्षियों उनके पारिस्थितिक महत्व और उनके समक्ष मौजूद चुनौतियों के प्रति जनमानस को जागरुक किया जाता है।



इसे संयुक्त राष्ट्र की दो संधियों 'वन्यजीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर सम्मेलन एवं अफ्रीकन-यूरेशियन वॉटरबर्ड एग्रीमेंट और एक गैर-लाभकारी संगठन एनवॉयरमेंट फॉर द अमेरिका के बीच एक सहयोगात्मक संयुक्त रुप से मनाया जाता है। भारत प्रवासी पक्षियों मसलन साइबेरियन क्रेन, ग्रेटर फ्लेमिंगो और डेमॉस्सेल क्रेन जैसे पक्षियों के लिए घर जैसा है। ये अति सुंदर व मनमोहन प्रवासी पक्षी हर वर्ष सर्दियों और गर्मी के मौसम में भोजन, प्रजनन और घोंसले के शिकार के लिए भारत आते हैं। पक्षियों के बीच कई अलग-अलग प्रवासन देखने को मिलता है। अधिकांश पक्षी उत्तरी प्रजनन क्षेत्रों से दक्षिणी सर्दियों के मैदानों की ओर रुख करते हैं। हालांकि कुछ पक्षी अफ्रीका के दक्षिणी हिस्सों में प्रजनन करते हैं और सर्दियों में उत्तरी मैदान या क्षैतिज रुप से पलायन करते हैं। भारत कई प्रवासी पक्षियों का अस्थायी निवास स्थान है। भारतीय उपमहाद्वीप प्रमुख पक्षी फ्लाइवे नेटवर्क का भी अहम हिस्सा है। यह मध्य एशियाई फ्लाइवे आर्कटिक और भारतीय महासागरों के मध्य के क्षेत्रों को कवर करता है।

सुखद पहलू यह है कि भारत ने मध्य एशियाई फ्लाइवे के तहत प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना शुरु की है। इसलिए कि भारत प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर अभिसमय का एक पक्षकार है। गौर करें तो सर्दियों के मौसम में तो भारतीय उपमहाद्वीप के विशेष क्षेत्र मसलन झील, आद्रभूमि या बैकवाटर प्रवासी पक्षियों का बसेरा बन जाता है। लेकिन चिंता की बात यह है कि भारत में प्रवासी पक्षियों के साथ-साथ अन्य पक्षियों की आबादी तेजी से घट रही है। वर्ष 2020 में संयुक्त राष्ट्र की 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में 79 प्रतिशत पक्षियों की तादाद घट गयी है। यह रिपोर्ट इसलिए विश्वसनीय है कि 867 प्रकार के पक्षियों का अध्ययन कर उनके दीर्घावधि (25 साल) और लघु अवधि (5 साल) के आंकड़े जुटाए गए तब इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया। रिपोर्ट के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिन 261 प्रजातियों के दीर्घावधि आंकड़े सामने आए हैं, उनमें 52 प्रतिशत की तादाद वर्ष 2000 से लगातार घटी है। इसी तरह जिन 146 प्रजातियों के लघु अवधि के आंकड़ों का विश्लेषण हुआ है, उनमें से 80 प्रतिशत की तादाद कम हुई है। यानी गौर करें तो कुल मिलाकर 50 प्रतिशत की संख्या तेजी से गिरी है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि तकरीबन 10 प्रतिशत प्रजातियों की स्थिति बेहद चिंताजनक है और इन्हें खास संरक्षण की जरूरत है। आंकड़ों के मुताबिक तेजी से गिरावट वाले पक्षियों में शिकारी पक्षी व प्रवासी समुद्री पक्षी पिछले दशकों में सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं, पर अच्छी बात यह है कि विगत वर्षों से गौरैया की संख्या स्थिर रही है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले ढ़ाई दशकों में गौरैया की संख्या में कोई विशेष कमी नहीं आई है। हालांकि दिल्ली, मुंबई समेत आधा दर्जन शहरों में इनकी संख्या घटी है।

देश में प्रवासी पक्षियों का आना भी कम हो रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में ओखला बर्ड सेंचुरी में प्रवासी पक्षियों का आगमन लगातार कम हो रहा है। पक्षी विज्ञानियों की मानें तो बर्ड सेंचुरी के आसपास बढ़ते वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण की वजह से प्रवासी पक्षी यहां आना पसंद नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा दलदली और जल वाली भूमि का लगातार घटते जाना भी एक प्रमुख कारण है। जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध पश्चिमी घाटों पर वर्ष 2000 से पक्षियों की संख्या में 75 प्रतिशत तक कमी आई है। याद होगा कि अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ने वर्ष 2013 में भारत में देखे जाने वाले पक्षियों की दस प्रजातियों को बेहद गंभीर रूप से संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल किया था। इनमें ग्रेट साइबेरियन क्रेन, गोडावण, सफेद पीठ वाला गिद्ध, लाल-सिर वाला गिद्ध, जंगली उल्लू, स्पून बिल्ड सैंडपाइपर और सफेद पेट वाला बगुला प्रमुख था। इन पक्षियों की आबादी में गिरावट की मुख्य वजहों में आवास का नुकसान, संशोधन, बिखंडन, पर्यावरण प्रदूषण को प्रमुख रूप से जिम्मेदार माना गया। ग्लोबल वार्मिंग ने पक्षियों के अस्तित्व को और भी अधिक संकट में डाल दिया है।

गौरतलब है कि भारत में विभिन्न प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं, जिनमें गौरैया, कौआ, तोता, तीतर, चर्खी, शामा, भुजंगा, बया, मुनिया, लाल तूती, गिद्ध, कठफोड़वा, नीलकंठ, बसंता, महोखा, पतरिंगा, हरियल, हुद्हुद और बटेर जैसे पक्षी आमजन के बेहद करीब माने जाते हैं, लेकिन इन लोकप्रिय पक्षियों की संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। पक्षियों के संरक्षणकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि दुनिया की सबसे वजनदार पक्षियों में से एक सोन चिरैया की प्रजाति लुप्त होने के कगार पर है। सोन चिरैया लगभग एक मीटर ऊंची होती हैं और इनका वजन 15 किलो होता है। सोन चिरैया को कभी भारत और पाकिस्तान की घास भूमियों पर देखा जाता था लेकिन अब ये एकांत भरे क्षेत्रों में ही देखने को मिलते हैं। पक्षी विज्ञानियों की मानें तो पृथ्वी पर मानव की गतिविधियों और जंगलों के विनाश के कारण पक्षियों की सैकड़ों प्रजातियां पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं। पक्षी विज्ञानियों का कहना है कि वर्ष 1500 से अब तक तकरीबन पक्षियों की 190 प्रजातियां पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं। बिडंबना है कि विलुप्त होने की दर लगातार बढ़ती जा रही है। पक्षी विज्ञानियों के मुताबिक विश्व भर में तकरीबन 10000 प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं। इनमें से कुल 1200 प्रजातियां ऐसी हैं जो कि विलुप्त होने के कगार पर हैं।

भारत से इतर बात करें तो हवाई द्वीप के लगभग 30 प्रतिशत पक्षियों की प्रजातियां नष्ट हो चुकी हैं। इसी तरह गुआम द्वीप पर पक्षियों की 60 प्रतिशत प्रजातियां पिछले तीन दशक के दौरान विलुप्त हुई हैं। पक्षी विज्ञानियों का कहना है कि पक्षियों की विलुप्ती के कई कारण हैं। उनमें उनके आवास का नष्ट होना, पक्षियों के भोजन के स्रोत का खत्म होना, प्राकृतिक आपदाएं, मौसम में बदलाव मुख्य कारण हैं। पक्षियों के शिकार और उनके अंडों के इस्तेमाल का कुप्रभाव भी उनकी तादाद पर पड़ता है। कभी-कभार तो किसी परभक्षी प्रजाति के आने के कारण भी पक्षियों की तादाद पर संकट मंडराने लगता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# ईवीएम की पूजा




दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार


भारतीय संस्कृति प्राचीन काल से ही पूजा पाठ की रही है। हमारे साधू संत महात्माओं ने इसके महत्व को स्वीकारा और इसे जन जन तक पहुंचाया ।आज की इस वैज्ञानिक भौतिकवादी चमक दमक में भी यह परंपरा घर-घर में व्याप्त है। हमें हर अच्छे कार्य में मंगालता और आनंद के दर्शन हो ,सुख शांति बनी रहे और सुखदायी भविष्य हो , इसके लिए पूजा अर्चना कर हम प्रसन्न हो जाते हैं। मन में एक विश्वास स्थापित हो जाता है सफलता के लिए।

हम जब भी कोई बड़ी सी वस्तु जैसे कार दुपहिया वाहन टीवी फ्रीज आदि घर में लाते हैं तो मां बहन पत्नी उस पर स्वास्तिक बना उसकी पूजा कर मंगलता की कामना करती हैं। किसी संस्था का शुभांरभ हो या मकान का , हम पूजा कर सदा शुभ लाभ की कामना करते हैं।

पूजा का महत्व तो सरकारी कार्यो में भी बना रहता है। कुछ वर्ष पूर्व राफेल विमान आए तो उस पर भी स्वास्तिक बना शुभ की मंगल कामना की गई। मंदिर में श्रद्धालु पूजा अर्चना कर अपने को सुखद अनुभव करते हैं। पूजा की इस परंपरा में और तो और कई जगह अस्पताल में से लोग मृत आत्मा को ले जाने के लिए पूजा पाठ करने लगते हैं। लोगों की आस्था विश्वास के चलते हमारी सनातन परंपरा में यह पूजा पाठी परंपरा बनी हुई है। इसके चलते व्यक्ति के जीवन में अनुशासन व संस्कार आते हैं और वह अपना गौरवशाली जीवन जीने लगता है। आजकल देश में जोर शोर से लोकतांत्रिक उत्सव चल रहा है। हर उम्मीदवार भगवान से यही प्रार्थना कर रहा है कि इवीएम में सबसे ज्यादा वोट उसके खाते में ही आएं। इसके लिए तो अब ईवीएम की भी पूजा और मान मनुहार होने लगी है। उसे खुश करने के लिए प्रत्याशी या उसके हितैशी पूजा कर जीत के लिए आश्वस्त हो रहे हैं। जहां भी व्यक्ति को अपना भविष्य डांवाडोल अनिश्चित लगता है तो वह भगवान की पूजा पाठ का सहारा लेकर आत्मविश्वास बनाए रखता है। अब देखना यह है कि पूजा पाठी करने वाले के लिय ईवीएम कितना लाभदायी होगा।

पूजा करने वाले ने ईवीएम को दोष देने वालों को संदेश दिया है कि वह उसे अपनेपन से भरा स्नेह प्यार दे। उसे घर के मंदिर में भगवान की तरह माने। यदि आपकी पूजा पाठी परंपरा ईवीएम को रास आ गई तो समझ लो न्यारे व्यारे। पर अभी मत गणना तक पूजा के परिणाम का इंतजार करना होगा। तब तक घर में बैठे चुप चुप माला फैरते रहोऔर ईवीएम की फलदाई उपलब्धि के लिए मंगल कामना करते रहो। शायद परिणाम आपके पक्ष में आ जाएं।

## नॉलेज कॉर्नर: बद्रीनाथ धाम से जुड़ी हैं कई रोचक कहानियां

# मां लक्ष्मी ने यहां लिया था बदरी वृक्ष का रूप

नर और नारायण पर्वत श्रृंखलाओं की गोद में, अलकनंदा नदी के बायीं ओर बसे आदि तीर्थ बद्रीनाथ धाम सनातन श्रद्धा व आस्था का अटूट केंद्र है। यह तीर्थ हिंदुओं के चार प्रमुख धामों में से एक है। भगवान नारायण के वास के रूप में जाना जाने वाला बद्रीनाथ धाम आदि शंकराचार्य की कर्म स्थली रहा है। यह भी माना जाता है कि आदि गुरु शंकराचार्य ने 8वीं सदी में मंदिर का निर्माण करवाया था। यह पवित्र स्थल भगवान विष्णु के चतुर्थ अवतार नर एवं नारायण की तपोभूमि है। इस धाम के बारे में कहावत है कि- 'जो जाए बद्री,वो न आए ओदरी' यानि जो व्यक्ति बद्रीनाथ के दर्शन कर लेता है उसे माता के गर्भ में दोबारा नहीं आना पड़ता अर्थात प्राणी जन्म और मृत्यु के चक्र से छूट जाता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं बद्रीनाथ के बारे में...

### तपस्या के लिए भगवान शिव से मांगा था यह स्थान

जब भगवान श्रीविष्णु अपनी तपस्या के लिए उचित स्थान देखते-देखते नीलकंठ पर्वत और अलकनंदा नदी के तट पर पहुंचे, तो यह स्थान उनको अपने ध्यान योग के लिए बहुत पसंद आया। पर यह जगह तो पहले से ही शिवभूमि थी तब विष्णु भगवान ने यहां बाल रूप धारण किया और रोने लगे। उनके रुदन को सुनकर स्वयं माता पार्वती और शिवजी उस बालक के समक्ष उपस्थित हो गए और बालक से पूछा कि उसे क्या चाहिए? बालक ने ध्यान योग करने के लिए शिव से यह स्थान मांग लिया। भगवान विष्णु ने शिव-पार्वती से रूप बदलकर जो स्थान प्राप्त किया वही पवित्र स्थल आज बद्री विशाल के नाम से प्रसिद्ध है। एक समय भगवान विष्णु तपस्या में लीन थे तो अचानक बहुत हिमपात होने लगा। तपस्यारत श्रीहरि बर्फ से पूरी तरह ढकने लगे। उनकी इस दशा को देखकर माता लक्ष्मी



ने वहीं पर एक विशालकाय बेर के वृक्ष का रूप धारण कर लिया और हिमपात को अपने ऊपर सहन करने लगीं। माता लक्ष्मी भगवान विष्णु को धूप, वर्षा और हिमपात से बचाने के लिए कठोर तपस्या करने लगीं। काफी वर्षों के बाद श्री हरि ने माता लक्ष्मी के तप को देखकर कहा- हे देवी! तुमने मेरे बराबर ही तप किया है इसलिए आज से इस स्थान पर मुझे तुम्हारे साथ ही पूजा जाएगा और तुमने मेरी रक्षा बदरी वृक्ष के रूप में की है अतः आज से मुझे 'बदरी के नाथ' यानि बद्रीनाथ के नाम से जाना जाएगा।" इस तरह से भगवान विष्णु का नाम बद्रीनाथ पड़ा।

### अद्भुत विग्रह

मान्यता है कि जोशीमठ में जहां शीतकाल में बद्रीनाथ की चल मूर्ति रहती है,वहां नृसिंह का एक मंदिर है। शालिग्राम शिला में भगवान नृसिंह का अद्भुत विग्रह है। इस विग्रह की बायीं भुजा पतली है और समय के साथ यह और भी पतली होती जा रही है। जिस दिन इनकी कलाई मूर्ति से अलग हो जाएगी उस दिन नर-नारायण पर्वत एक हो जाएंगे। जिससे बद्रीनाथ का मार्ग बंद हो जाएगा,कोई यहां दर्शन नहीं कर पाएगा।यहां मंदिर के पास एक शिला है। इस शिला को ध्यान से देखने पर भगवान की आधी आकृति नजर आती है। जब यह आकृति पूर्ण रूप ले लेगी तब यहां पर ही बद्रीनाथ के दर्शन का लाभ प्राप्त किया जाएगा।

**सतयुग में भगवान के साक्षात दर्शन**

*पुराणों में उल्लेख मिलता है कि सतयुग में यहां भगवान विष्णु के साक्षात दर्शन हुआ करते थे। शास्त्रों में वर्तमान बद्रीनाथ यानि बद्री विशाल धाम को भगवान का दूसरा निवास स्थान बताया गया है। भविष्य में जहां भगवान का धाम होगा उसे भविष्य बद्री कहा गया है।*

*कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी*

## X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 2014 के बाद गरीब की परिभाषा बदली है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। भाजपा सरकार में गरीबों के बैंक में खाते खुले जबकि कांग्रेस राज में गरीब व्यक्ति बैंक की चौखट पर भी नहीं चढ सकता था।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
आखिर महाराजा सुहेलदेव का स्मारक कांग्रेस ने क्यों नहीं बनाया, समाजवादी पार्टी ने क्यों नहीं बनाया, बहुजन समाज पार्टी ने क्यों नहीं बनाया! उन्हें भय था कि सालार मसूद गाजी के भक्तों का वोट बैंक ना खिसक जाए...



**कन्हैया कुमार,** उत्तर पूर्वी दिल्ली से MP प्रत्याशी
@kanhaiyakumar
बुलडोजर चलाकर लोगों का घर तोड़ने वाले, पकौड़ा तलवाकर नौजवानों के रोजगार के सपनों को तोड़ने वाले, धर्म के नाम पर समाज को तोड़ने वाले मुझ पर बेबुनियाद आरोप लगाते हैं। मैं वादा करता हूं कि उत्तर पूर्वी दिल्ली के समर्थन से मैं घर, समाज और सपने तोड़ने वाली ताकतों से निर्णायक लड़ाई लड़ूंगा।

### पाकिस्तान वाले बयान पर मणिशंकर अय्यर ने दी सफाई, कांग्रेस ने विदेश मंत्री जयशंकर को चीन वाले बयान पर घेरा

# पित्रोदा के बाद अब मणिशंकर के विवादित बोल...पाक को सम्मान दे भारत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

विरासत टैक्स और भारतीयों को लेकर रंगभेदी टिप्पणी करने वाले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बाद अब कांग्रेस के एक और नेता का बयान सामने आया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने पाकिस्तान को लेकर एक विवादित बयान दिया है। मणिशंकर अय्यर ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत को पाकिस्तान की इज्जत करनी चाहिए क्योंकि पड़ोसी मुल्क के पास परमाणु बम हैं, अगर हम उन्हें इज्जत नहीं देंगे तो



वे भारत पर परमाणु हमला करने की सोच सकते हैं। अय्यर ने कहा कि भारत को ये नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान के पास भी परमाणु हैं। मुझे ये समझ नहीं आता कि मौजूदा सरकार ये क्यों कहती है कि हम पाकिस्तान से बात नहीं करेंगे, क्योंकि वहां आतंकवाद है। ये समझना जरूरी है कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए चर्चा बहुत जरूरी है, वरना, पाकिस्तान सोचेगा कि भारत अहंकार के साथ हमें दुनिया में छोटा दिखा रहा है। ऐसे में पाकिस्तान में कोई भी पागल इन बम का इस्तेमाल कर सकता है। भाजपा ने उनके बयानों को लेकर कांग्रेस को घेर लिया है। कांग्रेस को मणिशंकर के बयान पर बैकफुट पर होना पड़ा। कांग्रेस ने कहा कि मणिशंकर अय्यर की टिप्पणी का हम समर्थन नहीं करते हैं। यह उनके निजी विचार हैं। वे कांग्रेस का अधिकारिक तौर पर प्रतिनिधित्व नहीं रखते हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक पुराने वीडियो इंटरव्यू को पोस्ट करते हुए भाजपा को चीन के मुद्दे पर घेरा है। उधर, मणिशंकर अय्यर ने भी अपने वायरल वीडियो पर सफाई दी है।

### BJP का चुनाव अभियान लड़खड़ाया, इसलिए निकाल रही पुराने वीडियो

मणिशंकर अय्यर ने वायरल वीडियो को पुराना बताया है। उन्होंने कहा कि इंटरव्यू में वे स्वेटर पहने हुए साफ दिख रहे हैं। उससे साफ है कि उन्होंने यह टिप्पणी कई महीने पहले सर्दियों में की थी। अय्यर ने कहा कि भाwजपा का चुनाव अभियान लड़खड़ाने लगा है। इस कारण वे अब पुराने वीडियो निकाल रहे हैं। मैं उनके खेल में फंसने नहीं वाला हूं। जो लोग जानना चाहते हैं कि वो मेरी दो पुस्तकों, 'मेमोयर्स ऑफ ए मेवरिक' और 'द राजीव आई' में पढ़ सकते हैं।

### प्रियंका ने बीजेपी पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का एक वीडियो सामने आने बाद भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को घेर लिया है। सत्तारूढ़ दल के आरोपों के जवाब में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर ही निशाना साधते हुए कहा है कि जब भारत में चुनाव चल रहे हैं, तो पाकिस्तान की बातें क्यों की जा रही हैं? उन्होंने कहा कि इस समय देश में बेरोजगारी दर 45 सालों में सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है और मुद्दे पर बात ही नहीं हो रही। मणिशंकर अय्यर के बयान पर छिड़े विवाद पर प्रियंका ने कहा 'मेरा सवाल है कि यह बयान कब दिया गया था? एक पुराने बयान को आखिर क्यों अब मुद्दा बनाया जा रहा है? जब चुनाव भारत में हो रहे हैं तो पाकिस्तान की बातें क्यों की जा रही हैं?

### कांग्रेस नेता खेड़ा ने किया पलटवार

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भाजपा पर पलटवार किया। उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर के इंटरव्यू का एक पुराना वीडियो एक्स पर पोस्ट किया। इसमें विदेश मंत्री चीन को लेकर बयान दे रहे हैं। पवन खेड़ा ने पोस्ट में लिखा- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कुछ महीने पहले मणिशंकर अय्यर द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों से खुद को पूरी तरह से अलग करती है और पूरी तरह असहमत है।

### जालना में कूड़े के ढेर में मिले वोटर आईडी कार्ड



**मुंबई।** महाराष्ट्र के जालना में कूड़े में वोटर आईडी कार्ड का जखीरा मिला है। चुनाव के बीच बड़े पैमाने पर वोटर आईडी कार्ड कूड़े में मिलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। अब प्रशासन ने इसकी जांच शुरू कर दी है। जालना के कलेक्टर और जिला चुनाव अधिकारी डॉ. कृष्णनाथ पांचाल ने कहा है कि इसकी जांच शुरू कर दी गई है। पांचाल ने कहा कि जालना शहर में पाए गए मतदाता पहचान पत्र पुराने हैं। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा यह वोटर आईडी कार्ड कूड़े में गिरा दिए गए थे। सूचना मिलने पर उपविभागीय अधिकारी, जालना ने तुरंत मतदाता पहचान पत्र जब्त कर लिए हैं। जांच की जा रही है कि किसी ने जानबूझकर इन वोटर आईडी कार्ड को यहां पर किसने फेंका है।

### 'राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाएगी कांग्रेस'

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया कि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर के स्थान पर बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण कर सकती है। ओडिशा के मलकानगिरी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए हिमंत ने मस्जिद के पुनर्निर्माण को रोकने के लिए जनता से भाजपा को 400 सीटें जिताने का आग्रह किया। हिमंता ने कहा कि लोग हमसे पूछते हैं कि हम 400 सीटें क्यों चाहते हैं। हमें 400 सीटें इसलिए चाहिए, क्योंकि कांग्रेस राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण करा सकती है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत में बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण कभी न हो। यही कारण है कि हमें पीएम मोदी को 400 से अधिक सीटें देनी होंगी और उन्हें पीएम बनाना होगा।

### संजय राउत की विवादित टिप्पणी पर PM का पलटवार...

# 'जिंदा तो क्या... मरने के बाद भी नहीं गाड़ पाओगे'

## महाराष्ट्र में बोले मोदी-नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात करते हैं

**एजेंसी** | मुंबई

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नंदुरबार में विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने संजय राउत के अपने ऊपर दिए गए आपत्तिजनक बयान का भी जिक्र किया।

पीएम ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि शिवसेना वालों को गरीब से कितनी नफरत है, ये इन्होंने फिर बताया है। ये नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है, मोदी तेरी कब्र खुदेगी, दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टीकरण का पूरा ध्यान



रखते हैं। पीएम ने महाविकास अघाड़ी को घेरते हुए कहा कि तुष्टीकरण के लिए ये भाषा बोली जा रही है। इनको सपने दिख रहे हैं कि मोदी को जमीन में गाड़ देंगे। इनकी सियासी जमीन खिसक चुकी है। इनको पता नहीं है कि देश की माताएं-बहनें मोदी की रक्षा करेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा, माताएं-बहनें ही मोदी की रक्षक हैं। ये मातृ शक्ति मेरा रक्षा कवच है। मुझ पर मातृ शक्ति का इतना आशीर्वाद है कि ये लोग चाहकर भी मोदी को जीते जी तो क्या, मरने के बाद भी जमीन में नहीं गाड़ पाएंगे।

### 'नकली एनसीपी और नकली शिवसेना...'

शरद पवार पर तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के एक दिग्गज नेता, जो 40-50 साल से राजनीति कर रहे हैं, बारामती के चुनाव के बाद उन्होंने एक बयान दिया है। वो इतने हताश और निराश हो गए हैं कि उनको लगता है कि अगर 4 जून के बाद राजनीतिक जीवन में टिके रहना है, तो छोटे-छोटे राजनीतिक दलों को कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। इसका मतलब है कि नकली एनसीपी और नकली शिवसेना ने कांग्रेस में विलय करने का मन बना लिया है।

### संजय राउत ने क्या दिया था बयान

अहमदनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए संजय राउत ने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र में पैदा हुए थे और औरंगजेब का जन्म गुजरात में हुआ। राउत ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को उद्योगपति करार देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह भी गुजरात में ही पैदा हुए हैं। शिवसेना-यूबीटी नेता ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म महाराष्ट्र में हुआ, इसलिए महाराष्ट्र का अपना इतिहास है। इस औरंगजेब का जन्म गुजरात में हुआ, इतिहास देख लें। दाहोद गांव में उसका जन्म हुआ था। ध्यान रखें कि एक बार औरंगजेब को हमने महाराष्ट्र से बाहर किया था। 27 साल औरंगजेब महाराष्ट्र जीतने के लिए लड़ता रहा। आखिर में उसी औरंगजेब को गाड़कर हमने उसकी कब्र बना दी, फिर....।"

### 'गरीबों-पिछड़ों का आरक्षण बचाएगा मोदी'

मोदी ने कहा कि ये महाअघाड़ी, आरक्षण के महाभक्षण का महा अभियान चला रही है। वहीं एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण बचाने के लिए मोदी आरक्षण के महारक्षण का महायज्ञ कर रहा है। आप सभी जानते हैं कि बीजेपी और एनडीए ने आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाया, लेकिन आपको याद रखना चाहिए कि वो कौन लोग थे, जिन्होंने आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति का चुनाव हराने के लिए रात-दिन एक कर दिए थे।



कन्नौज में अखिलेश यादव के समर्थन में सभा को किया संबोधित

# राहुल गांधी बोले- मोदी इस बार नहीं बनेंगे PM

**एजेंसी** | कानपुर

कन्नौज में अखिलेश यादव के समर्थन में आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने संविधान की किताब को हाथ में लेकर कहा कि भाजपा इसको खत्म करना चाहती है। दुनिया की कोई ताकत, इसकी शक्ति को छू नहीं सकती है।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समर्थन में आए राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कन्नौज में अखिलेश यादव की जीत होने जा रही है। यूपी में इंडिया गठबंधन का तूफान आने वाला है। बीजेपी की देश में सबसे बड़ी हार यूपी में होने जा रही है, आप लोग लिखकर ले लो, उत्तर प्रदेश ने अपना मन बना लिया है कि यहां बदलाव लाना है, भारत में बदलाव लाना है और इसलिए निर्णय लिया गया है। जनता ने अपना मन बना लिया है। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी पर तीखे तंज कसते हुए कहा कि अब भाजपा, नरेंद्र मोदी और अमित शाह आपका ध्यान भटकाने का प्रयास करेंगे। चुनाव में अब 10 -15 दिन बचे हैं। मगर एक बात की गारंटी लिखकर ले लो। इंडिया गठबंधन ने जो काम किया था, हम सभी ने मिलकर पिछले 2 साल से भारत जोड़ो यात्रा से नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली, आप लोग मुझसे लिखवाकर ले लो, नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे।

### 'हर कीमत पर संविधान की करेंगे रक्षा'

राहुल गांधी ने कहा कि संविधान ने देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, किसानों, गरीबों, छोटे व्यापारियों को अधिकार दिए हैं। ये गांधी जी और बाबा साहेब अंबेडकर की देन है, लेकिन बीजेपी-आरएसएस इसे खत्म करना चाहते हैं, इसलिए हमने ठान लिया है कि हर कीमत पर संविधान की रक्षा करेंगे। हिंदुस्तान के संविधान को दुनिया की कोई भी शक्ति खत्म नहीं कर सकती है।

### सरकार जा रही है तो अब ले रहे हैं अडाणी-अंबानी का नाम

राहुल गांधी ने कहा कि 10 साल तक मोदी जी ने अडाणी-अंबानी का नाम नहीं लिया। अब जब उनकी सरकार जा रही है तो अडाणी-अंबानी से कह रहे, मुझको बचा लो। मोदी सरकार ने 22 लोगों को 16 लाख करोड़ दिया। इंडिया गठबंधन की सरकार देश के सभी समाज के गरीब परिवार को लखपति बनाएंगे। उनको हर साल एक लाख देंगे, जिससे उनकी जिंदगी बदल जाएगी।

### नाना पटोले ने लोकसभा चुनाव के बीच दिया विवादित बयान, बोले...

# 'कांग्रेस आएगी तो राम मंदिर का होगा शुद्धीकरण'

**एजेंसी** | मुंबई\नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने राम मंदिर को लेकर एक विवादित बयान दिया है।

नाना पटोले ने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो राम मंदिर का शुद्धीकरण किया जाएगा। चारों शंकराचार्यों को बुलाकर राम मंदिर में विधिवत पूजा कराई जाएगी। मंदिर परिसर में भगवान राम का दरबार भी बनेगा।

उन्होंने कहा कि हमारे सनातन धर्म में अगर घर में मां-पिताजी किसी का भी देहांत होता है तो शुद्धीकरण के लिए सिर मुंडवाया जाता है, लेकिन नरेंद्र मोदी ने वह ना करते हुए जिस तरह से



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की है। उस बात का हमारे शंकराचार्यों ने भी विरोध किया है।

पटोले ने कहा कि शंकराचार्य जी की विधि के अनुसार हम वहां पर राम दरबार स्थापित करेंगे। यह हमारा संकल्प है। राम मंदिर में कार्यक्रम को लेकर अब देश की जनता ने भी मान लिया है कि उन्होंने गलत विधि के साथ वहां पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के शुद्धीकरण की बात मैंने नहीं कही, ये तो शंकराचार्य ने भी कहा है कि जिस विधि से नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर में जो रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की, यह विधि नहीं है। ऐसे में शंकराचार्य जैसा बोलते हैं, उसी विधि से उसे संपन्न कराया जाएगा।

# राहुल ने पीएम मोदी को दी खुली बहस की चुनौती

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। अब तक तीन चरणों के दौरान कई प्रदेशों में मतदान हो गए हैं और अभी आगे कई राज्यों में कराए जाने हैं। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को होने वाले मतदान से पहले राजनीतिक दलों ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। वोटरों को लामबंद करने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं और विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी का दौर जारी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ किसी भी मंच पर जनता के मुद्दों को लेकर बहस करने के लिए तैयार हैं। अगर वह मुझसे डिबेट नहीं करना चाहते तो हमारे अध्यक्ष खरगे जी भी हैं वह उनसे भी कर सकते हैं।

### खरगे के पत्र से नाराज हुआ चुनाव आयोग

# EC की खरगे को फटकार... कहा- वोटिंग डेटा में गड़बड़ी के आरोप निराधार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को फटकार लगाई। आयोग ने वोटिंग पर्सेंट से जुड़े डेटा में गड़बड़ी का आरोप लगाने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। खरगे के दावे मौजूदा लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत के आंकड़े जारी करने को लेकर थे।

आयोग ने कहा है कि खरगे के बयान भ्रम पैदा करने वाले हैं और चुनावी प्रक्रिया को बाधित कर सकते हैं। बता दें कि खरगे ने INDI गठबंधन में शामिल पार्टियों को लिखी एक चिट्ठी में लिखा था



कि चुनाव आयोग की विश्वसनीय मौजूदा समय में सबसे कम है। कांग्रेस अध्यक्ष ने वोटर टर्नआउट के आंकड़ों पर सवाल उठाए थे। इस पर आयोग ने कड़ी आपत्ति जताते हुए खरगे पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में बाधा डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। आयोग ने साफ तौर पर कहा है कि वोटिंग से जुड़े डेटा को जुटाने और इसे लोगों तक पहुंचाने में किसी भी तरह की कोई चूक नहीं हुई है।

### खरगे की ओर लगाए गए आरोप भ्रम फैलाने वाले

आयोग ने कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने चुनाव के बीच वोटर टर्नआउट डेटा को लेकर निराधार आरोप लगाए हैं। यह मतदाता भागीदारी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। साथ ही इससे चुनाव मशीनरी को हतोत्साहित हो सकते हैं। आयोग ने कहा है कि ऐसा लगता है कि खरगे ने जानबूझक आंतरिक पत्राचार को सार्वजनिक किया है। इससे भ्रम और गलत पैदा करने की उनकी मंशा उजागर हुई। चुनाव आयोग ने कहा है कि आयोग की ओर से जारी किए जाने वाले वोटिंग के अपडेटेड आंकड़ें हमेशा वोटिंग के दिन जारी किए गए डेटा से ज्यादा होता है।

### वोटर टर्नआउट डेटा जारी करने में नहीं हुई कोई देरी

खरगे के आरोपों को बिंदुवार बताते हुए चुनाव आयोग ने प्रत्येक दावे का खंडन किया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि वोटर टर्नआउट डेटा जारी करने में कोई देरी नहीं हुई थी। चुनाव आयोग ने अपने दावों को सही बताते के लिए पिछले चुनावों का तथ्यात्मक मैट्रिक्स भी सामने रखा है। आयोग ने कहा है कि वह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के अपने मूल सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्ध है। आयोग ने कहा है कि पहले और मौजूदा चुनाव के दौरान कांग्रेस द्वारा आयोग को लेकर गैर जिम्मेदाराना बयान देने का पैटर्न देखा गया है। यह चिंताजनक है।

### संदेशखाली मामला: NCW ने लिखा EC को पत्र, कहा... 'डर के माहौल में हैं महिलाएं'



राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने शुक्रवार को भारत के चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिखा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में महिलाओं को कथित तौर पर उनके मामले वापस लेने के लिए धमकाए जाने का जिक्र किया है। उनका कहना है कि इससे संदेशखाली की महिलाओं में डर है, माहौल खराब हो रहा है। पत्र में शर्मा ने कहा कि आयोग के संज्ञान में आया है कि संदेशखाली की महिलाओं को टीएमसी कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी शिकायतें वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है क्योंकि वे आम चुनाव, 2024 के दौरान पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी हैं। टीएमसी पार्टी के कार्यकर्ता महिलाओं में डर पैदा कर रहे हैं। उन्होंने संदेशखाली ने पीड़ितों को अपनी शिकायतों के साथ आगे आने से रोका, जिससे क्षेत्र में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर असर पड़ सकता है।

# केदारनाथ धाम के खुले कपाट, चारधाम की यात्रा शुरू






एजेंसी | रुद्रप्रयाग

अक्षय तृतीया के मौके पर केदारनाथ धाम के कपाट खुलते ही चारधाम यात्रा प्रारंभ हो गई है। छह महीने के शीतकालीन अवकाश के बाद श्री केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार सुबह 7 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान के साथ आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही यात्रा में नया अध्याय भी जुड़ गया है। कपाटोद्घाटन पर धाम में 29 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि कपाटोद्घाटन के मौके पर इनती बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर केदारनाथ मंदिर को 20 क्विंटल फूलों से भव्य रूप में सजाया गया। बाबा के दर्शनों के लिए भक्तों की रात्रि एक बजे से लाइन लगनी शुरू हो गई थी। शुक्रवार सुबह 6 बजे से ही मंदिर में कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आदि ने बाबा केदार के दर्शन किए। इसके साथ ही यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट भी खुल गए है।



## बारिश के चलते 17 फ्लाइट चेन्नई डायवर्ट



**बेंगलुरु।** शुक्रवार सुबह हुई बारिश के चलते पूरे शहर में पानी भर गया। भारी बारिश की वजह से कर्नाटक इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 में पानी लीक होने के चलते कई डोमेस्टिक फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा। वहीं, कई सड़कों में भी पानी भर जाने के चलते पुलिस को दूसरे रास्तों में ट्रैफिक को मोड़ना पड़ा। बेंगलुरु इंटरनेशल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि बहुत ज्यादा बारिश होने से एयरपोर्ट के टर्मिनल्स में पानी का रिसाव होने लगा। इस कारण 13 डोमेस्टिक फ्लाइस, तीन इंटरनेशनल फ्लाइट्स और एक इंटरनेशनल कार्गो फ्लाइट को चेन्नई डाइवर्ट करना पड़ा। वहीं, शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के उत्तरी भाग में तेज हवाओं के चलते पेड़ गिरे और संपत्ति को नुकसान हुआ। पेड़ गिरने से कई मकानों की छप्पर उड़ गई, कई गाड़ियां और एक एंबुलेंस को भी नुकसान पहुंचा। पेड़ गिरने से श्रीनगर-बारामूला हाईवे पर टप्पर इलाके के पास ट्रैफिक का मूवमेंट भी रोकना पड़ा।

### 5 महिला पहलवानों के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिया आदेश

# बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न केस में आरोप तय

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ महिला पहलवान यौन शोषण मामले में आरोप तय करने के आदेश दिए हैं।

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को भाजपा नेता बृजभूषण सिंह पर पांच महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में आरोप तय कर दिए। साथ ही कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ और बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह पर एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने का भी आरोपी माना है। अदालत ने कहा कि सबूतों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष पर यह आरोप तय किए गए हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व असिस्टेंट सेक्रेट्री विनोद तोमर के खिलाफ भी आरोप तय कर दिया।

बृजभूषण शरण सिंह ने कोर्ट के इस फैसले पर कहा कि प्रथम दृष्ट्या कोर्ट ने चार्ज फ्रेम किया है। चार्जशीट पहले ही दायर की गई थी, मैंने उसका विरोध किया था, जिसे कोर्ट ने नहीं माना। एक केस को छोड़कर कोर्ट ने बाकी मामलों में आरोप तय कर दिए। मैं न्यायपालिका के फैसले का स्वागत करता हूं।



### इन धाराओं के तहत तय हुए आरोप

पांच मामलों में भारतीय दंड संहिता की धारा 354 और 354डी के तहत आरोप तय किए गए हैं, जबकि उनके खिलाफ छठा मामला खारिज कर दिया गया है। वहीं, विनोद तोमर के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 के तहत आरोप तय किए गए हैं। अब बृजभूषण सिंह को एक साथ पांच महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर यौन उत्पीड़न और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के कई मामलों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, कोर्ट ने बृजभूषण को छठे पहलवान द्वारा लगाए गए आरोपों से बरी कर दिया है। अब इस मामले में सुनवाई शुरू होगी। जहां अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ अपना मामला पेश करेगा, और बचाव पक्ष को जवाब देने और अपनी दलीलें पेश करने का अवसर मिलेगा।

### धारा 354 डी में सजा का प्रावधान

आईपीसी की धारा 354डी के तहत पहली बार दोषी ठहराए जाने पर किसी एक अवधि के लिए कारावास से दंडित किया जाएगा, जिसे तीन साल तक बढ़ाया जा सकता है और उस पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। दूसरी बार दोषसिद्धि होने पर उसे किसी भी अवधि के लिए कारावास की सजा हो सकती है, जिसे पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है और उस पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

### कोर्ट ने खारिज कर दी थी याचिका

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने इस मामले में आरोप तय करने के लिए 10 मई की तारीख तय की थी। 26 अप्रैल को कोर्ट ने बृजभूषण की ओर से मामले में आगे की जांच करने का अनुरोध करते हुए दायर की गई याचिका खारिज कर दी थी। याचिका में बृजभूषण ने कहा था कि मेरे ऊपर 7 सितंबर 2022 को कथित यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया जा रहा है, लेकिन उस समय भारत में नहीं बल्कि सर्बिया में था।

### दिल्ली पुलिस ने दायर की थी चार्जशीट


दिल्ली ने बृजभूषण शरण सिंह और विनोद तोमर के खिलाफ बीते साल 15 जून को 1599 पन्नों की चार्जशीट दायर की थी। इसमें कहा गया था कि आरोपियों ने जांच में सहयोग देकर सीआरपीसी की धारा 41ए के निर्देशों का पालन किया है। इसलिए आरोपियों को गिरफ्तार किए बिना ही यह चार्जशीट दायर की जा रही है। चार्जशीट में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ इंडियन पीनल कोड(IPC) की धारा 354 (D), 354 और 354 (D) के तहत चार्जशीट दाखिल की गई थी।

### नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन

# सुरक्षाबलों ने 12 घंटे में 12 नक्सलियों को किया ढेर

एजेंसी | बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार सुबह से चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया। सभी के शव भी बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों के शव भी बरामद कर लिए गए हैं। वहीं एलईडी की चपेट में आने से दो जवान घायल हुए हैं। जिन्हें हेलिकाप्टर की मदद से एयर लिफ्ट किया गया है। सुरक्षाबलों को इस इलाके में नक्सलियों के होने जानकारी मिली थी कि हार्डकोर नक्सली कमांडर लिंगा, पापाराव समेत बड़े लीडर्स का पीडिया के जंगलों में इकट्ठा हुए हैं। नक्सलियों की इस कमेटी में कई बड़े नक्सली लीडर शामिल हैं। सूचना मिलने के बाद दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा इन तीन जिलों से फोर्स ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया है, जहां पीडिया के जंगलों में मुठभेड़ के बीच अब तक 12 नक्सली मारे गए हैं। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि डीआरजी, एसटीएफ और सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन समेत फोर्स के 1200 से ज्यादा जवानों ने इलाके में कार्रवाई की। यादव ने बताया कि तीन जिलों के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर हैं और 12 घंटे तक मुठभेड़ चली। सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा की डीआरजी कोबरा की 210 बटालियन और एसटीएफ के जवानों की सर्चिंग जारी है। मौके से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और हथियार भी बरामद किए गए हैं। बस्तर आईजी और डीआईजी समेत जिले के एसपी ऑपरेशन पर नजर बनाए हुए हैं।



### 8 दिन पहले मारा गया था 25 लाख का इनामी नक्सली

इसी महीने दो मई को नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में सुरक्षबलों ने 25 लाख रुपए के इनामी नक्सल कमांडर समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया था। नक्सली कमांडर का नाम जोगन्ना था। जोगन्ना पर 190 से अधिक मामले दर्ज थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों को नक्सलियों के पास से कंप्यूटर, लैपटॉप और प्रिंटर मिले थे।

### साइबर फ्रॉड रोकने के लिए सरकार सख्त

# 28,000 मोबाइल हैंडसेट और 20 लाख कनेक्शन होंगे बंद

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए अहम कदम उठाया है। सरकार ने शुक्रवार को 28,200 मोबाइल हैंडसेट्स को ब्लॉक करने का निर्देश जारी किया। टेलीकॉम ऑपरेटर्स को तुंरत इस निर्देश का पालन करने के लिए कहा गया है। साथ ही इन मोबाइल फोन के कनेक्शन को वेरिफाई करने को कहा है। केंद्र सरकार ने कहा है कि साइबर क्राइम में टेली कॉम्युनिकेशन का गलत इस्तेमाल हो रहा था। इसी बात को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस की साझा जांच में इस गड़बड़ी में खुलासा है कि साइबर अपराधी देश भर में 28,200 मोबाइल हैंडसेट का इस्तेमाल धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए कर रहे थे। दूरसंचार विभाग के मुताबिक, इन संदिग्ध मोबाइल हैंडसेंट के जरिए 20 लाख से ज्यादा नंबरों का इस्तेमाल किया गया। ऐसे में लोगों को डिजिटल खतरों से बचाने के लिए सरकार ने इन नंबरों और हैंडसेट को वेरिफाई करने का फैसला किया है।




### संदिग्ध मोबाइल नंबरों की पहचान की

डिजिलटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म की मदद से सरकार साइबर फ्रॉड और साइबर क्राइम से निपटने में लगी संस्थाओं के बीच समन्वय बढ़ाने की कोशिश की गई है। इस प्लेटफॉर्म की मदद से अब तक लोगों को एसएमएस के जरिए चूना लगाने वाले 52 संस्थाओं का पता लगाया गया है। इन सभी संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट किया जा चुका है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए संदिग्ध मोबाइल नंबरों की पहचान करने के बाद उन्हें वेरिफाई किया जा रहा है। टेलिकॉम विभाग ने वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे एक एक फोन नंबर का कनेक्शन काट दिया। पता चला कि इस एक नंबर का इस्तेमाल 20 अलग-अलग हैंडसेट में किया जा रहा था। इन सभी हैंडसेट को भी ब्लॉक कर दिया गया है।

### कैसे पकड़ में आया साइबर क्राइम

टेलीकॉम कंपनियों को सरकार की ओर से कहा गया है कि अगर वेरिफिकेशन के बाद मोबाइल हैंडसेट और नंबरों का इस्तेमाल डिजिटल फ्रॉड के लिए करने की बात पता चलती है तो इनका कनेक्शन तुरंत काट दिया जाए। केंद्र सरकार की ओर से साइबर फ्रॉड और साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए हाल में एक डिजिटज इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (DIP) लॉन्च की गई है। इसके जरिए सरकार को यह पता चला है कि कई मोबाइल हैंडसेट और नंबरों का गलत इस्तेमाल हो रहा है।

### सोशल मीडिया के जरिए मिली शिकायत पर एक्शन



धोखाधड़ी के शिकार हुए एक शख्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर टेलीकॉम विभाग को टैग करते हुए शिकायत की थी। इसमें कहा गया था कि उसके पास ठीक उसी तरह से मैसेज प्राप्त हुआ, जैसा कि आम तौर पर बैंकों द्वारा भेजा जाता है। धोखाधड़ी ने बाद में उसे फोन कर कहा कि गलती से उसके अकाउंट में पैसे ट्रांसफर हो गए हैं, जबकि वास्तव में उसके अकाउंट में कोई भी एक्स्ट्रा अमाउंट ट्रांसफर नहीं हुआ था। इसके बाद टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने शिकायतकर्ता की ओर से उपलब्ध करवाए गए नंबर पर एक्शन लिया और उसे डिसकनेक्ट कर दिया।

## आचार्य शशांक सागर जी ससंघ के पिच्छिका परिवर्तन समारोह में गुरु भक्त झूमे

# मुनि संघ का पड़गाहन, इक्षु रस का दिया आहार

**बेधड़क.जयपुर।** जनकपूरी-ज्योतिनगर जैन मंदिर में अक्षय तृतीया पर मुनि संघ का भक्तों को पावन सानिध्य मिला। पारण व दान पर्व के साथ आचार्य शशांक सागर का अवतरण दिवस और संघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह भक्ति भाव के साथ मनाया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि दिन प्रातः अभिषेक शांति धारा से समारोह शुरू हुआ जो मंगल आरती व उपस्थित जनों को इक्षु रस वितरण के साथ समाप्त हुआ। इस बीच भक्ति व संगीत के साथ पूजन पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट, आशीर्वचन, पिच्छिका परिवर्तन व अतिथि सम्मान आदि हुआ। इधर, भक्त जनों ने संघ का पड़गाहन कर को इक्षु रस का आहार दिया।







### दान का महत्व समझाया

आचार्य ने अक्षय तृतीया के बारे में समझाते हुए कहा कि भगवान आदिनाथ ने सबसे पहले समाज में दान के महत्व को समझाया था और दान की शुरुआत की थी। भगवान आदिनाथ राज-पाट का त्याग करके वन में तपस्या करने निकल गए थे। उन्होंने वहां 6 महीने तक लगातार ध्यान किया था। छह महीने बाद जब उन्होंने सोचा कि इस समाज को दान के बारे में समझाना चाहिए तो वे ध्यान से उठकर आहार मुद्रा धारण करके नगर की ओर निकल पड़े थे। जैन धर्म में अक्षय तृतीया के दिन लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषाधि दान या फिर मंदिरों में दान करते हैं। मान्यता है कि भगवान आदिनाथ ने इस दुनिया को असि-मसि-कृषि वाणिज्य व शिल्प के बारे में बताया था। इसे आसान भाषा में समझें तो असि यानि तलवार चलाना, मसि यानि स्याही से लिखना, कृषि यानी खेती करना होता है। भगवान आदिनाथ ने ही लोगों को इन विद्याओं के बारे में समझाया और लोगों को जीवन यापन के लिए इन्हें सीखने का उपदेश दिया था। आचार्य ने अंत में कहा कि वास्तव में तो मेरा अवतरण दिगंबर मुद्रा धारण करने के दिन हुआ है।

### समारोह में ये रहे मौजूद

समारोह में दिगंबर जैन महासभा राजस्थान के अध्यक्ष कमल बाबू जैन, युवा महासभा के अध्यक्ष प्रदीप लाला, राजस्थान जैन सभा के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा व जितेंद्र गंगवाल, गायत्री नगर मंदिर अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा व मंत्री राजेश जैन, प्रताप नगर मुनि भक्त महेश सेठी, डीसीएम समाज के श्रेष्ठी प्रमेश जैन व राजीव पाटोदी, पदमपुरा कमेटी उपाध्यक्ष सुरेश काला, सुशील जैन लालकोठी, वी बी जैन, सम्यक ग्रुप के डॉ. इंद्र कुमार, महावीर बोहरा, राजेश बड़जात्या, निर्मल संघी, धर्म जागृति संस्थान के ज्ञान चंद जैन, राजेश गंगवाल, अनिल जैन आईपीएस, महेश काला, सोभाग अजमेरा, जैन बैंकर्स फोरम के प्रदीप लाला, प्रकाश गंगवाल, देवेंद्र कासलीवाल, राजेंद्र ठोलिया, ललित गोधा, दिगंबर जैन महिला समिति राजस्थान अंचल अध्यक्षा शकुंतला बिंदायक्या, बरकतनगर से प्रमोद भंवर सहित महेश नगर, कीर्तिनगर मधुबन आदि स्थानों के श्रद्धालुओं की महत्ती सहभागिता रही।

### ये रहे सौभाग्यशाली परिवार

बीजाक्षर युक्त विश्व शांति कारक शांतिधारा करने का सोभाग्य पदम पारस पहुप जैन बिलाला परिवार को आचार्य शशांक सागर के पाद प्रक्षालन एवं उनको नई पिच्छिका देने और पुरानी लेने का सौभाग्य बाबूलाल मयंक जैन लेवाली वाले परिवार को, संघ को शास्त्र भेंट करने का पुण्य लाभ बसंत कुमार बिना देवी जैन गायत्री नगर परिवार को तथा संघस्थ मुनि संदेश सागर जी को नई पीच्छिका देने व पुरानी लेने का सौभाग्य अजय कुमार शकुंतला जैन लवकुश नगर परिवार को प्राप्त हुआ। अक्षय तृतीया और गुरु पूजन ब्र. डॉ. चंद्रप्रभा जैन, पं. रोहित शास्त्री सांगानेर संस्थान और युवा गायक जीतू गंगवाल प्रताप नगर द्वारा संपन्न कराई गई तथा पूर्व व वर्तमान आचार्यों के अर्ध समर्पित किए गए।

## जैन मंदिरों में हुए धार्मिक आयोजन

# अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के दुर्गापुरा के श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर व झोटवाड़ा के पटेल नगर स्थित श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन, मालवीय नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, गायत्री नगर के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मीरा मार्ग के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, एस एफ एस के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में सुबह भगवान आदिनाथ के अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना की गई।



सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में रात्रि में महाआरती के बाद भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान दीप महाअर्चना का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, अध्यक्ष नवीन जैन, मंत्री धनेश सेठी, सुशील झांझरी, शिखर चन्द जैन सहित बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके साथ ही सूरजपोल गेट स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मोहनबाडी में पं. प्रद्युम्न शास्त्री के निर्देशन में आदिनाथ पूजा विधान किया गया। बापू नगर चैत्यालय, टोडरमल स्मारक, जय जवान कोलोनी, लाल कोठी, महारानी फार्म, एस एफ एस, त्रिवेणी नगर सहित कई मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किए। मंदिरों में भगवान आदिनाथ के इक्षु रस से पंचामृत अभिषेक किए गए।

## City इवेंट्स

### शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्र



**बेधड़क. जयपुर।** कल्पतरु शिक्षा समिति, रोटरी क्लब जयपुर प्राइड व रॉयल राजस्थान रनर्स की ओर से सूर्य नगर गोपापुरा बाईपास रोड़ स्थित परमहंस धाम मानव उत्थान सेवा समिति में रक्तदान शिविर और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। संयोजक सुनील गौड़ ने बताया कि शिवर में क्षेत्रवासियों के अलावा युवाओं ने हिस्सा लिया और 51 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। वहीं, लगभग 80 से ज्यादा लोगों ने ईसीजी, रक्तचाप, शुगर, बीएमडी जैसी विभिन्न जांचें निःशुल्क कराकर शिवर का लाभ उठाया। कार्यक्रम में कल्पतरु शिक्षा समिति के अध्यक्ष गोवर्धन लाल गौड़, रोटरी क्लब जयपुर प्राइड अध्यक्ष ओपी जैन, रॉयल राजस्थान रनर्स अजय शर्मा, प्रदीप जोशी, पंकज जांगिड़, विनय जैन, गणपति कम्युनिकेशन के एमडी विशाल गौड़, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता राधेश्याम उपाध्याय ने रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया। साथ ही रक्तदान करने वालो को अंत में प्रमाण पत्र व सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट देकर सम्मानित किया।

### बाबा के भजनों पर झूमे जयपुराइट्स



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने बाबा श्याम के भंडारे का आनंद लिया। बाबा हरिशचंद्र मार्ग में हुए दो दिवसीय आयोजन में म्हारी झोंपड़ी में पधारे श्याम थीम पर बाबा का अलोकिक श्रृंगार कर अखंड ज्योत जलाई गई और भजन संध्या का आयोजन किया गया।

### बॉलीवुड विशेषज्ञ लेंगे मास्टर क्लास



**बेधड़क. जयपुर।** आदिनाथ नगर स्थित माह स्पेस में कास्टिंग डायरेक्टर समीर जे पहाड़िया की ओर से 10 दिवसीय इंटेंसिव एक्टिंग एंड ऑडिशन वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। 15 से 24 मई तक वर्कशॉप में एक्सपर्ट पैनल में 'कास्टिंग बे' के को-फाउंडर और मिर्जापुर, पाताललोक, पंचायत, सास बहू और फ्लेमिंगो जैसी वेब सीरीज के कास्टिंग डायरेक्टर अनमोल आहूजा, नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्म टर्टल और वाह जिंदगी डायरेक्टर दिनेश यादव, एफटीआईआई एलुमिनी और एक्टिंग कोच दिनेश प्रधान, टर्टल, स्टोलन, वाह जिंदगी कास्टिंग डायरेक्टर समीर जे पहाड़िया शामिल होंगे। आयोजक समीर जे पहाड़िया ने बताया कि वर्कशॉप कैमरा एक्टिंग ओरिएंटेड है। उद्देश्य ऑडिशन से लेकर शूट तक एक्टर्स के क्रिएटिव और टेक्निकल नॉलेज को फील्ड के बॉलीवुड मास्टर्स के जरिए सिखाना है।

## जयपुर कॉट्योर शो-2024 का सेकंड लुक लॉन्च

# गुलाबी नगरी के रैंप पर साकार होगा द्वापर युग और महाभारत काल

**बेधड़क | जयपुर**

ब्राइडल कलेक्शन में जब फ्यूजन और कलर्स कॉम्बिनेशन को रिच किया गया तो नायाब कलेक्शन सामने आया। जब इसकी पहली झलक जयपुर में देखने को मिली तो फैशन लवर्स रोमांचित हो उठे। मौका था फैशन महोत्सव जयपुर कॉट्योर शो (जेसीएस) के 12वें सीजन से पहले हुए सेकंड लुक लॉन्च का।

इस दौरान डिजाइनर आकांक्षा भल्ला के फ्यूशिया ब्राइडल कॉट्योर में कई एक्सपेरिमेंट्स देखने को मिले। वहीं, क्राफ्ट काउंसिल ऑफ आर्टिजन एंड विवर्स से डॉ. दीपक संकित ने अपने डिजाइंस की झलक पेश की, जो महाभारत काल से इंस्पायर थे। शो डायरेक्टर-फाउंडर गौरव गौड़ ने बताया कि शो मानसरोवर स्थित अलंकारा रिसोर्ट में 31 मई से 2 जून तक आयोजित किया जाएगा।

**बॉलीवुड एक्ट्रेस शो स्टॉपर्स और 40 मॉडल्सः** गौरव ने बताया कि शो में 3 दिन तक 40 से ज्यादा मॉडल्स जयपुर-दिल्ली से पार्टिसिपेट करेंगे। साथ ही बॉलीवुड से 5 एक्ट्रेस हमारे रैंप पर होंगी। इसमें बिग बॉस फेस एक्ट्रेस भी शामिल हैं।



### दो बॉलीवुड स्टार्स हुए अनांउस

सैकंड लुक लॉन्च के दौरान पहले दो बॉलीवुड सेलिब्रिटीज का भी अनाउंसमेंट किया गया, जिसमें श्रेया शरन फ्यूशिया ब्राइडल के लिए रैंप वॉक करेंगी। वहीं, हेलीन शास्त्री क्राफ्ट काउंसिल ऑफ आर्टिजन एंड विवर्स के लिए वॉक करती नजर आएंगी। मरक्यूरी रूफ टॉप एंड लाउंज में हुए इस सैकंड लुक लॉन्च में सभी डिजाइनर्स शामिल हुए और अपने-अपने कलेक्शन के बारे में बताया। वहीं, अलंकारा होटल्स एंड रिसोर्ट से मनोज मालानी, कोंटोर इंडिया ग्रुप से लक्ष्मण सिंह सिसोदिया, मरक्यूरी से रणवीर चौधरी और गिरिराज, जयपुर कॉट्योर शो डायरेक्टर दीपक नाहर, उत्तम शर्मा आदि शामिल हुए।

### कलेक्शन में गुजरात का काला कॉटन

दीपक संकित ने अपने कलेक्शन के बारे में बताया कि गुजरात का काला कॉटन लेकर आ रहे हैं, जो बहुत रेयर कलेक्शन होता है। ब्लैक कॉटन को कम ही बनाया जाता है, जिसे नेचुरल डाई के साथ हमने तैयार किया है। मॉडर्न और कंटेम्परी का फ्यूजन किया है। इसमें महाभारत काल से प्रेरित चीजें हैं, जिसे 18 मॉडल शोकेस करेंगे। महाभारत टाइम की जूलरी भी देखने को मिलेगी।

# जूनियर समर प्रोग्राम में सीटें बढ़ाई, पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से जूनियर समर प्रोग्राम (कैंप) 16 मई से शुरू होगा। इसके लिए प्रमुख शासन सचिव कला व संस्कृति विभाग और महानिदेशक जेकेके गायत्री राठौड़ ने प्रोग्राम (कैंप) के पोस्टर विमोचन किया। प्रोग्राम (कैंप) में रंगमंच विधा में उत्साह देखते हुए सीमित संख्या में सीटों की वृद्धि की गई है। इनके लिए केन्द्र की वेबसाइट पर गूगल फॉर्म लिंक से ऑनलाइन आवेदन 13 मई सुबह 11 बजे से किया जा सकेगा। कैंप में 16 विधाओं का प्रशिक्षण 8 से 17 वर्ष के बच्चों को मिलेगा। इनमें रंगमंच, संगीत-नृत्य, दृश्य कला, साहित्य से जुड़ी एक्टिविटी शामिल है। इस बार पिछली बार से भिन्न विधाओं यथा पियानो, वॉयलिन, कंटेम्पररी डांस, मोबाइल फिल्म मेकिंग, मोजेक आर्ट, क्रिएटिव राइटिंग को जोड़ा गया है।

### टॉप 28 फाइनलिस्ट का अनाउंसमेंट कल होगा


**बेधड़क. जयपुर।** ब्यूटी पेजेंट मिस राजस्थान की टॉप 28 फाइनलिस्ट का ऑफिशल अनाउंसमेंट किया जाएगा। आयोजक योगेश मिश्रा ने बताया कि टॉप 70 गर्ल्स इंटरव्यू राउंड में पहुंची और 150 से जादा गर्ल्स वाइल्ड कार्ड प्रक्रिया से गुजरी। इनमें से टॉप 28 कंटेस्टेंट को जगह मिल जाएगी, जिसका अनाउंसमेंट रविवार को किया जाएगा।

## 'भारत@2047' लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने बताई समानता

# युद्ध क्षेत्र के साथ कॉर्पोरेट में भी लागू कर सकते हैं 'स्ट्राइक'

**बेधड़क | जयपुर**

साउथ वेस्टर्न कमांड के आर्मी कमांडर, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ (एवीएसएम) ने युद्ध के मैदान की व्यापारिक दुनिया से तुलना करते हुए एक दिलचस्प प्रजेंटेशन दी। उन्होंने कहा कि दोनों स्थितियों में, एक 'वीयूसीए' - अस्थिरता (वोलेटिलिटी), अनिश्चितता (अनसर्टेनिटी), जटिलता (कॉम्पलैक्सिटी) और अस्पष्टता (एम्बीगुइटी) का वातावरण है। वे डाटा इंफोसिस, जिसे अब डाटा इंजिनियस ग्लोबल लिमिटेड के नाम से जाना जाता है, की 25वीं सिल्वर जुबली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम 'भारत@2047' विषय पर आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि कैसे 'स्ट्राइक' को युद्ध के मैदान के साथ-साथ कॉर्पोरेट जगत में भी लागू किया जा सकता है। 'स्ट्रैटेजिक थिंकिंग' के लिए उन्होंने व्यापार जगत की तुलना करते हुए बांग्लादेश की आजादी का उदाहरण दिया। 'रेजिलिएंस' के लिए उन्होंने लोंगेवाला की लड़ाई का उदाहरण दिया। 'इनिशिएटिव' के लिए, उन्होंने ऑपरेशन-सियाचिन ग्लेशियरः 1984 का उल्लेख किया। 'इनोवेशन' के लिए उन्होंने 'क्रॉसिंग ऑफ मेघना रिवर' और ड्रोन टेक्नोलॉजी का उदाहरण दिया। आखिर में 'इफेक्टिव लीडरशिप' के लिए उन्होंने 1999 के कारगिल युद्ध की बात की। कार्यक्रम के शुरू में डाटा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक, अजय डाटा ने कहा कि उद्यमिता अकेले चलने का नहीं, बल्कि सभी को साथ लेकर चलने और एक कम्यूनिटी बनाने के बारे में है।




### डीपीआई के बारे में दी जानकारी

आईस्पिरिट फाउंडेशन के फाउंडर शरद शर्मा ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि कैसे डीपीआई क्रांति भारत में नए अवसर पैदा कर रही है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि दुनिया डीपीआई में रुचि रखती है, क्योंकि वह डिजिटल उपनिवेशीकरण से भी बचना चाहती है।

### पैनल चर्चा भी हुई

इस अवसर पर 'अनलीशिंग इंडियाज एआई पोटेंशियल: बिल्डिंग ए वर्ल्ड क्लास एआई इकोसिस्टम बाय 2047' विषय पर पैनल चर्चा भी हुई। वक्ताओं में नैसकॉम की कार्यकारी समिति के बोर्ड मेंबर जगदीश मित्रा, फारआई फाउंडर गौतम कुमार, क्यूएनयूलैब्स के फाउंडर सुनील गुप्ता शामिल थे। अध्यक्षता पूर्व सीईओ टेक महिंद्रा और एआईऑप्स के फाउंडर, सीपी गुरनानी ने की। कार्यक्रम में डाटा इंजिनियस ग्लोबल लि. द्वारा भारत में पहली बार प्रोजेक्ट 'प्राइवेट जीपीटी एंड एआई रिप्लाई' लॉन्च किया गया।

**ईरान-इजराइल तनाव: शिया देश ने इजराइल को दी खुली धमकी**

# ईरान के अस्तित्व पर खतरा आया तो बदलेंगे परमाणु नीति...



**एजेंसी** | तेहरान

ईरान ने कहा है कि अगर उसके अस्तित्व को खतरा होता है तो वह परमाणु सिद्धांत में बदलाव करेगा। ईरान के सर्वोच्च नेता के सलाहकार सैय्यद कमाल खर्राजी ने ईरानी परमाणु सिद्धांत को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के सलाहकार कमाल खर्राजी ने गुरुवार को कहा, 'परमाणु बम बनाने का हमारा कोई निर्णय नहीं है, लेकिन अगर ईरान के अस्तित्व को खतरा होता है, तो हमारे सैन्य सिद्धांत को बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।' ईरान के एक न्यूज नेटवर्क की रिपोर्ट के मुताबिक खर्राजी ने कहा, 'जायोनी शासन की ओर से हमारी परमाणु फैसिलिटी पर हमले की स्थिति में हमारी प्रतिरोधक क्षमता बदल जाएगी।' उन्होंने यह भी कहा कि ईरान पहले ही संकेत दे चुका है कि उसके पास ऐसे हथियार बनाने की क्षमता है। ईरान लंबे समय से शांतिपूर्ण न्यूक्लियर प्रोग्राम का दावा करता रहा है। ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने 2000 के दशक की शुरुआत में एक फतवा जारी कर परमाणु हथियारों के विकास पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### ईरान के पास परमाणु हथियार की तकनीक

ईरानी सुप्रीम लीडर ने 2019 में अपने रुख को फिर दोहराते हुए कहा, 'परमाणु बम बनाना और उनका भंडारण करना गलत है और इसका इस्तेमाल करना हराम है। हमारे पास परमाणु तकनीत है, लेकिन ईरान ने दृढ़तापूर्वक इससे परहेज किया है।' हालांकि ईरान के तत्कालीन खुफिया मंत्री ने 2021 में कहा था कि पश्चिमी दबाव तेहरान को परमाणु हथियार बनाने के लिए प्रेरित कर सकता है। ईरान यूरेनियम को 60 प्रतिशत शुद्धता तक प्राप्त कर सकता है। जबकि हथियार-ग्रेड यूरेनियम 90 फीसदी तक एनरिच किया जाता है।



### ईरान ने किया था इजरायल पर हमला

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के एक आधिकारिक मानदंड के मुताबिक अगर मौजूदा परमाणु सामग्री को और अधिक एनरिच किया जाता है तो यह दो परमाणु हथियारों के लिए पर्याप्त होगा। ईरान की ओर से यह चेतावनी तब दी गई है जब अप्रैल में ही दोनों देश आमने-सामने आ गए। ईरान की ओर से 300 मिसाइल और ड्रोन के जरिए हमला किया गया। ईरान का कहना है कि सीरिया में उसके वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले के जवाब में इजरायल पर मिसाइल दागे गए हैं।

**बाइडेन ने दी चेतावनी तो नेतन्याहू ने भी दिया करारा जवाब... बोले-**

# '...तो अकेले ही लड़ लेंगे जंग'

**एजेंसी** | यरुशलम

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास के खिलाफ युद्ध में यदि जरूरत पड़ी तो उनका देश 'अकेला भी खड़ा' रहेगा। नेतन्याहू का यह बयान गुरुवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की उस चेतावनी के बाद आया, जिसमें कहा गया है कि अमेरिका, इजराइल को दक्षिणी गाजा शहर रफह पर हमले के लिए हथियार मुहैया नहीं करेगा।

इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा, 'यदि हमें अकेला खड़ा रहना होगा तो हम अकेले ही खड़े रहेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो हम अपनी पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे।' गौरतलब है कि देश के लोगों को बंधक बनाने के बाद इजराइल गाजा पर हमास को टारगेट बना लगातार हमले कर रहा है। ऐसे में ईरान के गाजा के पक्ष में बोलने पर इजराइल और ईरान के बीच तनाव चल रहा है।

इधर, इजराइली सेना ने दावा किया कि गाजा के दक्षिणी शहर रफा में सैन्य कार्रवाई करने के लिए जरूरी हथियार उसके पास हैं। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हैगरी ने यह टिप्पणी संवाददाता सम्मेलन में यह पूछे जाने पर की कि क्या सेना अमेरिकी हथियारों के बिना भी अभियान चला सकती है। डेनियल ने कहा, 'सेना के पास उन अभियानों के लिए हथियार हैं जिनकी वह योजना बना रही है और रफह में अभियान के लिए भी हमारे पास वह है जो हमें चाहिए।'



### असहमति को सुलझाया जाना चाहिए

डेनियल की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका, वहां हमले की चपेट में नागरिकों के आने की आशंका के मद्देनजर हमास के आखिरी गढ़ रफह में सैन्य कार्रवाई के लिए इजराइल को हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा। सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के साथ इजराइल के घनिष्ठ संबंध है और असहमति को बंद दरवाजों के पीछे सुलझाया जाना चाहिए।



**पंजाबियों के खून की कोई कीमत नहीं है क्या...**

# बलूचिस्तान में 7 की मौत... मरियम को घेरा

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाक के बलूचिस्तान में सैलून पर काम करने वाले सात लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। ये सभी सात लोग पंजाब प्रान्त के रहने वाले थे और बलूचिस्तान के ग्वादर में काम करते थे। अज्ञात बंदूकधारियों ने उनके क्वार्टर पर उस वक्त हमला किया, जब वो सो रहे थे। मृतक पंजाब के खानेवाल और लोधरन जिलों के रहने वाले थे। ग्वादर के एक पुलिस अधिकारी मुहम्मद मोहसिन ने कहा कि शुरुआती जांच में ऐसा लगता है कि उन पर हमला किया गया क्योंकि वे पंजाबी थे। पाक यूट्यूबर और राजनीतिक टिप्पणीकार कमर चीमा ने इस हमले पर दुख जताया है।

**क्या बोले थे चीमा!:** कमर चीमा ने बलूचिस्तान की घटना पर कहा, 'आखिर पंजाबियों का खून सस्ता क्यों है। बलूचिस्तान के लोग तो पंजाब में काम भी करते हैं और नौकरियां भी करते हैं। उनको यहां निशाना नहीं बनाया जाता लेकिन बलूचिस्तान में पंजाबी पहली बार निशाने पर नहीं हैं। बलूचिस्तान में पहले भी पंजाब के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है लेकिन पंजाबी लीडरशिप इस पर फिक्रमंद नहीं दिखती है। जिस तरह से चीजें हो रही हैं, उससे साफ लगता है कि बलूचिस्तान में फंड आ रहा है कि पंजाबियों को टारगेट करके मारा जाए।




## रूस ने तबाह किए यूक्रेन के हथियार

**मॉस्को।** रूस ने खार्किव और खार्किव क्षेत्र में यूक्रेनी सेना के गोला-बारुद गोदामों पर हमला किया है। मायकोलाइव भूमिगत नेटवर्क समन्वयक सर्गेई लेबेडेव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लेबेडेव ने कहा कि खार्किव से एक रिपोट के अनुसार शुक्रवार सुबह 03:20 पर खार्किव में विस्फोट हुए। वे पश्चिमी डिस्ट्रिक में ज़ोरदार हैं। विस्फोटों के कारण एक सायरन बज गया।

**पाकिस्तान ने PoK में कर्फ्यू लगाया**

# भिड़े प्रदर्शनकारी और पुलिस

**एजेंसी** | मुजफ्फराबाद


PoK में बढ़ती महंगाई और बिजली कटौती के खिलाफ शुक्रवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। पाक ने प्रदर्शन को रोकने के लिए PoK के मीरपुर जिले में कर्फ्यू लगा दिया। लोग कर्फ्यू का विरोध कर रहे हैं। PoK के मीरपुर में पुलिस ने स्कूली छात्रों पर आंसू गैस के गोले दागे, जिसमें कई स्टूडेंट घायल हो गए। इसके जवाब में पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद में लोग 11 मई को विधान सभा के बाहर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। PoK की सबसे बड़ी पार्टी यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (UK-PNP) ने प्रदर्शन में हुई गिरफ्तारी पर सवाल उठाया है। पार्टी ने कहा कि पुलिस और सेना ने मिलकर गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों पर लाठियां भांजी हैं। UKPNP के लीडर शौकत अली कश्मीरी और नासिर अजीज खान ने गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों की तत्काल रिहाई की मांग की। UKPNP ने संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार संस्था से बिना देर करें हस्तक्षेप करने की मांग की है।

**टेंशन में दुनिया: आधुनिक इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी घटना**

# एक देश से खत्म हुए सभी ग्लेशियर

**एजेंसी** | काराकास

दक्षिणी अमेरिका के देश वेनेजुएला आधुनिक इतिहास में ऐसा पहला देश बन गया है, जिसके सभी ग्लेशियर खत्म हो गए हैं। वेनेजुएला ने अपना आखिरी बचा हुआ ग्लेशियर भी खो दिया है। यह इतना सिकुड़ गया है कि जलवायु वैज्ञानिकों ने इसे बर्फ के मैदान के तौर पर क्लासीफाइड कर दिया है। माना जाता है कि वेनेजुएला आधुनिक समय में अपने सभी ग्लेशियर खोने वाला पहला और अकेला देश है। इंटरनेशनल क्रायोस्फीयर क्लाइमेट इनिशिएटिव (आईसीसीआई) ने कहा है कि वेनेजुएला का एकमात्र शेष ग्लेशियर- हम्बोल्ट या ला कोरोना बहुत छोटा हो गया था। ऐसे में इसे अब ग्लेशियर के बजाय आइस फील्ड के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। वेनेजुएला के बाद मौसम विज्ञानी इंडोनेशिया, मैक्सिको और स्लोवेनिया से ग्लेशियर मुक्त होने की संभावना जता रहे हैं।



**पिछली सदी में खोए छह ग्लेशियर:** रिपोर्ट के मुताबिक पिछली शताब्दी में वेनेजुएला ने कम से कम छह ग्लेशियर खो दिए हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक औसत तापमान बढ़ने के साथ बर्फ पिघल रही है, इससे दुनिया भर में समुद्र का स्तर भी बढ़ रहा है। डरहम विश्वविद्यालय के ग्लेशियोलॉजिस्ट कैरोलिन क्लासन का कहना है कि 2000 के दशक के बाद से वेनेजुएला के आखिरी ग्लेशियर पर ज्यादा बर्फ नहीं जमी है। इस साल मार्च में कोलंबिया में लॉस एंडीज़ विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि ये ग्लेशियर 450 हेक्टेयर से घटकर केवल दो हेक्टेयर रह गया है।

### हर कोशिश हो रही नाकाम

आईसीसीआई और इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट के ग्लेशियोलॉजिस्ट जेम्स किर्कम औरमिरियम जैक्सन ने कहा कि ग्लेशियोलॉजिस्ट अक्सर सामान्य परिभाषा के रूप में 0.1 वर्ग किमी को मानदंड मानते हैं। उन्होंने माना कि हाल के सालों में हम्बोल्ट ग्लेशियर तक पहुंचने में समस्याएं हो सकती हैं, जिससे माप के प्रकाशन में देरी हो सकती है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में पृथ्वी प्रणाली विज्ञान के प्रोफेसर मार्क मसलिन ने कहा कि हम्बोल्ट करीब दो फुटबॉल मैदान के बराबर है, ऐसे में ये ग्लेशियर नहीं है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl